‘राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र’

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 60 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए बुधवार, 15 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## सूरजपाल भूरा ने दिया कृष्णपाल गुर्जर को खुला समर्थन

### चांदपुर गांव में हुआ स्वागत समारोह



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के चुनावी अभियान को उस समय बड़ा बल मिला, जब तिगांव विधानसभा के गांव चांदपुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मौजिज सरदारी ने उन्हें सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर खुले समर्थन का ऐलान किया। जनसभा में उपस्थित सर्व समाज के लोगों ने दोनों हाथ उठाकर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को भारी बहुमत से तीसरी बार संसद भेजने का आर्शीवाद दिया। गुर्जर ने चांदपुर के अलावा इमामुद्दीन पुर,फज्जूपुर, अरुआ गांवो के लोगों ने आयोजित स्वागत समारोह में शिरकत की।

सभी कार्यक्रमों में भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने गुर्जर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत कर उन्हें विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। सभाओं को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि 2014 से पहले पाकिस्तान हमारे सैनिकों के सिर काटकर ले जाता था, लेकिन मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ‘अभिनंदन’ को भी पाकिस्तान 48 घंटे में स्वयं छोड़ने आता है। पहले जब पाकिस्तान की ओर से सीमा पर गोली चलती थी तो हमारे फौजी भाईयों को जवाबी कार्यवाही के लिए दिल्ली से आदेश लेने पड़ते थे, लेकिन मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद फौजियों को स्पष्ट कहा कि अगर पाकिस्तान से 10 गोली चलती है तो आप 500 गोलियां चला देना, दिल्ली से आदेश लेने की प्रतीक्षा मत करना। यह बदलाव हुआ है दस सालों में। मोदी जी की दूरदर्शी सोच के चलते आज देश अमेरिका और चीन के बाद विश्व की तीसरी नंबर की सबसे बड़ी पावर बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर कृष्णपाल गुर्जर को फूलो की माला और चांदी का मुकुट पहनाकर भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल भूरा ने कहा कि कृष्णपाल गुर्जर ने पिछले दस सालों के दौरान फरीदाबाद की सभी नौ विधानसभाओं में समान रुप से विकास करवा कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, उन्होंने शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र, हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है और इसी विकास की बदौलत वह जनता के बीच अपने लिए समर्थन मांगने आए है। उन्होंने गुर्जर को विश्वास दिलाया कि जिले की जनता ने पिछले दो बार की तरह इस बार भी रिकार्ड मतों से विजयी बनाकर संसद में भेजेगी ताकि विकास का यह दौर आगे भी जारी रह सके। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर, विधायक राजेश नागर, हरेन्द्रपाल राणा, पूनम भाटी, रेखा भाटी, कुसुम भाटी, चन्द्रपाल, संजय प्रधान विक्रम सरपंच, जेपी ठाकुर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा ने एनआईटी क्षेत्र के साथ बरता सौतेला व्यवहार : महेन्द्र प्रताप सिंह

### कांग्रेस प्रत्याशी ने एनआईटी, बढखल व बल्लभगढ क्षेत्रों में एक दर्जन चुनावी सभाओं को किया संबोधित



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह आज मंगलवार को अपने चुनावी अभियान के तहत एक दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने अपने अभियान की शुरूआत एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के गांव झाडसेंतली से की जहां क्षेत्र के विधायक पंडित नीरज शर्मा के संयोजन में एक बडी चुनावी सभा में उनका जोरदार स्वागत किया गया। वहीं डबुआ कॉलोनी,, सारन, गोंछी के अलावा बढखल विधानसभा क्षेत्र के कल्याणपुरी, एनआईटी-2, सेक्टर-49 सथित सैनिक कॉलोनी आवास तथा निकट सिद्धदाता आश्रम के अलावा अंबेडकर चौक बल्लभगढ में आयोजित चुनावी सभाओं में लोगों द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके साथ अपने-अपने क्षेत्र में एनआईटी-86 के विधायक पंडित नीरज शर्मा व बल्लभगढ़ की पूर्व विधायक शारदा राठौर भी मुख्यरूप से मौजूद रहीं। सभाओं में भारी भीड से उत्साहित कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जैसे-चुनावी तपिश बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे फरीदाबाद लोकसभा में कांग्रेस के पक्ष में लोगों का झुकाव बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की उपेक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भाजपा की सरकार ने झूठ के अलावा जमीनी धरातल पर कुछ नहीं किया है, यही वजह है कि समूचा एनआईटी विधानसभा क्षेत्र आज अपनी दुर्दशा को झेल रहा है। एक तरफ तो भाजपा सबका साथ-सबका विकास की बात करती है जबकि एनआईटी क्षेत्र के साथ बरते जाने वाला सौतेला व्यवहार सबके सामने है।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी में भी एनआईटी को शामिल नहीं किया गया है जबकि मैट्रो की घोषणा भी कागजी साबित हो रही है। पिछले सात सालों में भाजपा सरकार मैट्रो की डीपीआर भी नहीं बना पाई है। वहीं सेक्टर-56 के पास बनाए जा रहे डंपिंग यार्ड को भी जनविरोधी बताया। एनआईटी में आज जहां सभी सीवर जाम है तो वहीं सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है।

उन्होंने पूर्व मंत्री स्व. पंडित शिवचरण लाल शर्मा के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उनके समय में इस क्षेत्र की हर गली को पक्का करने के बाद सीवर व सफाई व्यवस्था को दुरूस्त कर रेनीवैल का मीठा पानी तथा यहां लेजर वैली जैसे बडे-बडे पॉर्क बनाए और क्षेत्र में बच्चों के लिए खेडी गुजरान में कॉलेज तक लाए लेकिन आज भाजपा के राज में बदहाल सथिति सबके सामने है। उन्होंने एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा को झुझारू विधायक की संज्ञा देते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक के रूप में नीरज शर्मा ने क्षेत्र की आवाज सडक से लेकर विधानसभा में बुलंद आवाज में उठाई हैं और क्षेत्र की जनता के हितार्थ अनेकों त्याग किए हैं। उन्होंने ऐलान कर दिया कि जल्द ही देश-प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और फिर से एनआईटी क्षेत्र को विकास की रफ्तार दी जाएगी। गांव झाडसेंतली में आयोजित सभा में कांग्रेस नेता सत्यवीर डागर, जगन डागर, हेम डागर, डालचंद डागर, बॉबी डागर, शिवराम पीटीआई, खलील अहमद, हरिराम, सुमरन पोहपसिंह, किशन सरपंच, रियाजुद्दी, गोंछी के हरबीर मवई, वीरेन्द्र डागर, सीताराम डागर, भरतलाल डागर तथा सारन के भूरी नैन सहित अनेकों लोगों ने अपने-अपने कार्यक्रमों में लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह को पगडी बांधकर अपने खले समर्थन का ऐलान कर भारी मतों से विजयी बनाने का आश्वासन दिया।

## देश-प्रदेश की जनता का कांग्रेस से हुआ मोहभंग : नायब सिंह सैनी



### वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. योगेश बिदानी व रवि सैनी के आवास सहित एक दर्जन स्थानों पर पहुंचे मुख्यमंत्री

### शहर में जनता से सीधा-संवाद कर मुख्यमंत्री ने पार्टी प्रत्याशी रणजीत सिंह के लिए जुटाया समर्थन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि देश व प्रदेश की जनता का कांग्रेस से मोहभंग हो चुका है। जनता ने अच्छी तरह से जान लिया है कि कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है। ऐसे में जनता ने अब भाजपा को ही एकमात्र विकल्प मान लिया है। नायब सिंह सैनी मंगलवार को अर्बन एस्टेट में वरिष्ठ पार्टी नेता डॉ. योगेश बिदानी व पार्टी नेता रवि सैनी सहित शहर में अनेक स्थानों पर आयोजित जलपान कार्यक्रमों के दौरान पार्टीजनों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान शहर में अनेक स्थानों पर तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और पार्टी उम्मीदवार रणजीत सिंह के लिए जबरदस्त समर्थन जुटाया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी पार्टी नेता महाबीर जांगड़ा, सीमा गैबीपुर, रवि सैनी, प्रो. छतरपाल सिंह, शकुंतला राजलीवाला, बलराज चौहान, रणधीर पनिहार, हरिकिशन शर्मा, गगन शर्मा के आवास पर भी पहुंचे और समर्थकों से बातचीत करते हुए भाजपा उम्मीदवार चौ. रणजीत सिंह को विजयी बनाने की अपील की।

**घमंडिया गठबंधन और कांग्रेस घोटालों व अपने भ्रष्ट परिवार को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा 50 साल शासन के बाद भी कांग्रेस को गारंटी देनी पड़ रही है। भ्रष्टाचार में लिप्त कांग्रेस का नकाब जनता के सामने उतर चुका है। घमंडिया गठबंधन और कांग्रेस घोटालों और अपने भ्रष्ट परिवार को बचाने के लिए झूठ बोल कर सत्ता में आना चाहती है। कांग्रेस ने देश का भला नहीं किया है। उन्होनें कहा कि पूरे देश में बीजेपी की लहर है। हरियाणा की दस लोकसभा सीट बीजेपी को जा रही हैं यहां की जनता ग्यारह कमल के फूल खिला कर प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत करेगी। मोदी सरकार की ईमानदारी से देश प्रगति कर रहा है। केंद्र सरकार सभी जन योजनाओं को आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर वर्ग की चिंता की है। लोकसभा चुनाव में हरियाणा की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने आप पार्टी का नाम लिए बगैर कहा कि अपने को ईमानदार कहने वाली पार्टी कांग्रेस से ज्यादा भ्रष्ट है। अपने बच्चों और ईमानदारी की कसमें खाने वाली पार्टी कांग्रेस से गठजोड़ नहीं करने की बात की थी। लेकिन सब उलट हुआ वह भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस से लोकसभा चुनाव में गठजोड़ कर लिया। कांग्रेस झूठ बोलकर सत्तासीन होना चाहती है। सभी लोगों को कांग्रेस की बातों में आना नहीं है।

**जनता 400 पार के नारे को सार्थक करेगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे को सार्थक करते हुए देश की जनता ने 400 पार के नारे के साथ तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की ठान ली है। हरियाणा की बात की जाए तो सभी लोकसभा व करनाल विधानसभा सीट पर जीत तय है। हरियाणा में कांग्रेस कई स्थानों पर तो सम्मानजनक वोटों के लिए ही चुनाव लड़ रही है। उन्होंने पार्टीजनों व समर्थकों से आह्वान किया कि वे एक-एक वोट चौ. रणजीत सिंह को देकर उन्हें सफल बनाएं ताकि हिसार का सांसद नरेन्द्र मोदी के समर्थन में खड़ा हो सके। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शहर में अनेक जलपान कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह, डॉ. योगेश बिदानी, डॉ. वैभव बिदानी सहित अन्य प्रशंसकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, डॉ. जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया व रणधीर धीरू, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपड़ा सहित अनेक पार्टीजन भी थे।

## मेवात में रेल के लिए भारत सरकार ने खोला खाता : राव इंद्रजीत

### नूंह से फिरोजपुर झिरका फोरलेन के डीपीआर हुई तैयार जल्द होगा काम शुरू



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नूंह।** भारत सरकार के प्रयासों से मेवात में रेल लाने के लिए बजट का प्रावधान कर खाता खोल दिया गया है। शुरुआती तौर पर एक करोड़ रुपए खाते में डाले गए है। तावडू व सोहना के साथ लगते मेवात के आधे हिस्से को ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर से जोड़ने की योजना का काम चल रहा है इसे जल्दी पूरा किया जाएगा। भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत ने यह बातें सोमवार को नूंह जिले के विभिन्न गांवों में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहे। राव सोमवार को गांव आटा, खेड़ा खलीलपुर, छपेड़ा, आल्दुका, नौशेरा, बीबीपुर, देवला, टांई, अडबर, उजीना के ग्रामीण से मिल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने मेवात के युवाओं को रोजगार के अवसर देने के लिए विवाद की धरती से 1 लाख करोड़ का दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस निकाला है।

इस एक्सप्रेसवे के साथ औद्योगिक विकास बढ़ेगा और यहां के लोगों के रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। नूंह से फिरोजपुर का फोर लेन का कार्य जल्द शुरू होगा केंद्र सरकार की ओर से डीपीआर मंजूर करने का कार्य अंतिम चरण में है। राव ने कहा कि मैं मेवात के लिये कोई नया नहीं हूँ। मेवात का मेरे परिवार के साथ पीढ़ियों का साझा इतिहास रहा है। हमने साथ मिलकर आज़ादी की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान जमुना का ओवरफ्लो पानी लाने का कार्य भविष्य में करेंगे ताकि मेवात के किसानों के साथ यहां पीने के पानी की समस्या को भी दूर किया जा सके। इस अवसर पर पूर्व विधायक, जाकिर हुसैन, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, जाहिद हुसैन, सुरेंद्र पिंटू उजीना, सरपंच मुनेश फौजी, गंगादान डागर आदि उपस्थित थे।





# युवाओं के ज़रिये ही आएगी सियासत में क्रांति : फाज़िलपुरिया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम लोकसभा सीट से जननायक जनता पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार राहुल यादव फ़ाज़िलपुरिया लगातार अपने इलाके में घूम-घूम कर लोगों से मिल रहे हैं और उनकी समस्याओं का जायजा ले रहे हैं।

इसी क्रम में उन्होंने मंगलवार को मोहम्मद हेडी गाँव, धर्मपुर गाँव, चंदू, मांकडोला और खेडकी मांजरा समेत करीब डेढ़ दर्जन से भी अधिक स्थानों पर जनसंवाद किया फ़ाज़िलपुरिया ने कहा कि सियासत को भी समय समय पर क्रांति की ज़रुरत होती है और भारत ही नहीं पूरी दुनिया का इतिहास इस बात का गवाह है कि क्रांति युवाओं के ज़रिये ही आती है, क्योंकि युवाओं में रुढियों को तोड़ने की ताकत होती है भारत के परिपेक्ष में बात करें तो भारत दुनिया का सबसे ज्यादा युवा आबादी वाला देश है हर क्षेत्र के हर स्तर पर युवाओं की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है केवल राजनीति ही एकमात्र ऐसी जगह है जहाँ पर युवाओं की संख्या कम है चूँकि राजनीति अब केवल स्वार्थ पूर्ति का जरिया बनकर रह गयी है, इसलिए इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता कि सियासत में युवाओं की संख्या बढ़नी चाहिए अब भारत की राजनीति सेवाप्रधान नहीं कुर्सीप्रधान है संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों से अपनी कुर्सी नहीं छूट रही है।

इसी कारण वो युवाओं के सियासत में दाखिल नहीं होने दे रहे दरअसल वो हम युवाओं के लिए अपनी कुर्सी कभी नहीं छोड़ना चाहते लेकिन बदलाव वर्तमान समय की माँग है रुढियों को तोड़ने की ताकत युवाओं में ही होती है।

फाज़िलपुरिया ने अपील की कि इस चुनाव में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को वोट देकर संसद में भेजें ताकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो सके भारत के युवाओं में बदलाव की आग जल रही है इसके अलावा फ़ाज़िलपुरिया ने पहली बार वोट दे रहे युवाओं को भी लोकतंत्र में उनकी जिम्मेदारियों का एहसास दिलाते हुए बदलाव के हक में वोट करने को कहा उन्होंने कहा कि युवा अगर चाह ले तो बदलाव होने से कोई रोक नहीं सकता लोगों के बीच बोलते हुए फ़ाज़िलपुरिया ने कहा कि मैं यहाँ सिर्फ बड़ी बड़ी बातें करने नहीं आया हूँ ज़मीनी स्तर के असल मुद्दों पर काम करूँगा हार या जीत मेरे लिए मायने नहीं रखती मेरे लिए केवल एक चीज़ मायने रखती है और वो है जनता का प्यार फ़ाज़िलपुरिया ने कहा कि मुझे किसी पद की लालसा नहीं है मुझे गुडगाँव की जनता के हित के लिए काम करना है और वो मैं करता रहूँगा।

फाज़िलपुरिया ने कहा कि सरकारें योजनाएं लागू तो कर देती हैं पर वो योजनाएं दूरस्थ गाँव की गरीब जनता तक पहुँच पा रही हैं या नहीं, सरकारों का इस बात से कोई लेना देना नहीं है ऐसा नहीं होना चाहिए कल्याणकारी योजनाओं तक आम जनता की आसान पहुँच सुनिश्चित करना भी सरकार की ही ज़िम्मेदारी है, जिसे फिलहाल सरकार ठीक से निभा नहीं रही है मुझे अगर जनता ने अपना आशीर्वाद दिया तो मैं ये सुनिश्चित करूँगा कि योजनाएं जो लागू हो रही हैं, वो आम लोगों तक पहुँचें भी, ताकी जनता को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो फ़ाज़िलपुरिया ने कहा कि गुडगाँव की जनता त्रस्त है और बदलाव लाने के लिए तैयार है जनता को बस 25 मई यानी मतदान के दिन का इंतजार है।

# लोकसभा चुनाव में बीजेपी हरियाणा की सभी दस सीट पर जीतेगी : जरावता

**जब तक देश में मोदी की सरकार रहेगी, तब तक खत्म नहीं होगा आरक्षण : जरावता**

**दलित समाज कांगेस के झूठे बहकावे में आने वाला नहीं**

**संविधान कभी बदला नहीं जा सकता**

**बंटो कटारिया समाज की आवाज उठाती है**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** मंगलवार को पटौदी से विधायक एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता ने अम्बाला लोकसभा क्षेत्र के सढोरा विधानसभा (यमुनानगर) के गाँव थाना छप्पर में भारतीय जानता पार्टी की लोकसभा उम्मीदवार बंटो कटारिया कि लिये वोट की अपील की!

जारावता ने भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जनसम्पर्क कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि पिछली बार बीजेपी के पक्ष में 58 फीसदी मतदान हुआ था लेकिन इस बार मतदान का प्रतिशत और बढ़ेगा उसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने दस वर्षों में इतना काम किया है कि लोग आज उनके काम को सराह रहे हैं आज हर वर्ग में जोश और उत्साह है, उसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग का ख्याल रखा है।

जरावता ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा बाबा साहेब अम्बेडकर, भारतीय संविधान और आरक्षण के विरोधी रही है सबसे ज्यादा विरोध पंडित जवाहर लाल नेहरु ने किया और इंद्रागाँधी ने 39वाँ संविधान संसोधन करके संविधान को खत्म करने की कोशिश की थी।

उल्लेखनीय है कि 39वें संविधान संसोधन में यह जोड़ने की कोशिश की गई थी कि राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा स्पीकर का चुनाव न्यायालय से बाहर रखा जाए जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया क्योंकि देश का संविधान सर्वोच्च है देश के संविधान को बदला नहीं जा सकता संविधान के मूल भूत ढाँचे से छेड़ छाड़ नहीं की जा सकती यदि कोई भी निर्णय संविधान और संविधान की आत्मा के विरुद्ध संसद पारित करती है तो वह अमान्य है देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी हो, चाहे अमित शाह जी हो, चाहे जेपी नड्डा जी हो या चाहे मनोहर लाल जी हो इन्होने हर बार कहा है कि जब तक हम है आरक्षण देश से खत्म नहीं हो सकता जरावता ने बताया कि 10 साल का कार्यकाल तो ट्रेलर हैं पिक्चर अभी बाकी है। मोदी जी ने ट्रेलर में ही दिखा दिया कश्मीर से धारा 370 खत्म हो गई, 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भव्य रामलला का मंदिर बना और हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री माननीय मनोहर लाल जी की सरकार ने मोदी जी की गारंटी को पूरा किया।

कार्यक्रम में यमुनानगर जिला अध्यक्ष धर्म सिंह मट्टू, प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल पाली, दाता राम, चौ. बलवंत पूर्व विधायक, वजीर चंद, विनीत कौर, सर्वजीत, रामशरण, महिंद्र सिंह, सुदर लाल, काला राम, राजपाल, अधिवक्ता अनिल, वीर सिंह, कर्म चंद, सुनील, जगदीश, जिला परिषद विनीत कौर व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोदी लहर के आगे इंडी गठबंधन और कांग्रेस के नेता हार मान चुके हैं : सुभाष बराला



**भ्रष्टाचारी लोगों को बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है कांग्रेस : बराला**

**सिरसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के समर्थन में सुभाष बराला ने गांव समैण टोहाना में किया लोगों से सम्पर्क**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फतेहाबाद।** लोकसभा चुनाव प्रबंधन के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा इंडी गठबंधन और कांग्रेस के नेता चुनाव से पहले ही हार मान चुके हैं। विपक्ष को लगने लगा है कि मोदी की लहर के आगे उनका ठहरना अब मुश्किल है, इसलिए भ्रम फैलाकर अपनी उपस्थिति पब्लिक के सामने दर्ज करा रहे हैं। श्री बराला ने कहा कि इस चुनाव में जनता ने जजपा, कांग्रेस और पूरे इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ करने का मन बना लिया है। श्री बराला ने ये बातें मंगलवार को गांव समैण टोहाना में कार्यक्रमों के दौरान कही। सिरसा से भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के समर्थन में मंगलवार को सुभाष बराला ने कई स्थानों पर लोगों से संपर्क किया। इस दौरान अनेक स्थानों पर जलपान कार्यक्रम भी रखे गए। जनसंपर्क के दौरान श्री बराला ने विशेष रूप से राजेश, मीया सिंह, मास्टर मोहन, जागी ड्राइवर, बलजीत मुआल, अशोक, कान्हा पंडित, रमेश, ईश्वर जांगड़ा, नरेश, दयाल पंडित, विकास, छबीला पंडित, महाबीर आदि से संपर्क किया और 25 मई को कमल के फूल पर वोट देने की अपील की।

कार्यक्रमों के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए सुभाष बराला ने कहा कि पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक पूरे देश में मोदी जी की लहर है। भाजपा के 370 और एनडीए के 400 पार के लक्ष्य को जनता पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार भाजपा सरकार ने मूलभूत सुविधाओं को लोगों के घरों तक पहुंचाया है। 2014 से पहले बिजली और पानी को लेकर लोग सड़कों पर उतरते थे, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद गांवों में भी 24 घंटे बिजली मिल रही है और हर घर नल से स्वच्छ जल आ रहा है। श्री बराला ने कहा कि 10 वर्षों में हुए परिवर्तन को लोग देख रहे हैं।

सुभाष बराला ने कहा कि कांग्रेस परिवार की पार्टी है। कांग्रेस यह चुनाव अपने भ्रष्टाचार में डूबे लोगों को बचाने के लिए लड़ रही है। कांग्रेस को देश की तरक्की से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ना कभी गरीबों का भला किया और ना ही वह कभी करने वाली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदा गरीबों का वोट लिया है और अपना, अपने परिवार और रिश्तेदारों का भला किया है। भाजपा सरकार की उपलबधियां गिनवाते हुए श्री बराला ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने साढ़े 9 सालों में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई और लोगों को घर बैठे ऑनलाइन सुविधाएं पहुंचाई है। हरियाणा में पहली बार गरीबों के बच्चे बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरी लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब नायब सरकार मनोहर लाल के बताए मार्ग पर आगे बढ़ते हुए जनसेवा के कार्य कर रही है। जनसंपर्क के दौरान श्री बराला ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में इतने काम किए हैं कि कांग्रेस 60 सालों में भी नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में हाइवे, एक्सप्रेस-वे बनाकर भाजपा सरकार ने लोगों का जीवन सरल बनाया है। श्री बराला ने कहा मोदी सरकार बिना भेदभाव के गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही है।

# नवोदित मतदाताओं को बताया लोकतंत्र का इतिहास

## छात्र-छात्राओं को वोट का महत्व समझाया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरूग्राम के एसीयूटी आईएएस अधिकारी अनिरूद्ध यादव ने कहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था मतदान के बिना अधूरी है। मतदान से ही चुनाव के सफल परिणाम सामने आ सकते हैं। अनिरूद्ध यादव गुरूग्राम विश्वविद्यालय के सभागार में नवोदित मतदाताओं को संबोधित कर रहे थे। जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे स्वीप अभियान के तहत आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में एसीयूटी प्रशासनिक अधिकारी ने नए मतदाता बने छात्र-छात्राओं को एक-एक वोट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव में हर एक वोट की अपनी खास कीमत होती है। एक मत किसी एक उममीदवार के जीत या हार का कारण बन सकता है। इसलिए किसी भी वोटर को अपने वोट की महत्ता को कम आंक कर मतदान से गुरेज नहीं करना चाहिए। कुछ लोग सोचते हैं कि चुनाव के दिन मतदान तो हो ही रहा है, उनके ना जाने से कुछ फर्क नहीं पडने.वाला है। यह लोगों की गलत सोच है और वे लोकतांत्रिक प्रणाली में जीवनयापन करते हुए भी उससे दूर रहना पसंद करते हैं। जो कि सही नहीं है।

गुरूग्राम विश्वविद्यालय के कुलसचिव राजीव सिंह ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक चुनाव व्यवस्था की अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मिसाल दी जाती है। सीएसआर ट्रस्ट के एडिशनल सीईओ गौरव सिंह ने चुनाव के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यूनिवर्सिटी छात्र-छात्राओं को निष्पक्ष, निर्भय एवं किसी समुदाय, धर्म, जाति से प्रभावित हुए बगैर वोट देने की शपथ दिलवाई।

आईटीआई अनुदेशक जसमेर सिंह ने ईवीएम मशीन और वीवीपैट की कार्य विधि को समझाया। विद्यार्थियों ने प्रयोग के तौर पर ईवीएम से वोट देकर वीवीपैट से अपनी पर्चियां निकाल कर देखीं। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के नवोदित मतदाताओं ने कहा कि वे 25 मई को वोट देने जरुर जाएंगे।

कार्यक्रम में सही सवालों के जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को निर्वाचन विभाग की ओर से उपहार भेंट किए गए।

# किसी भी मीडिया माध्यम से नहीं कर सकते ओपिनियन पोल व सर्वे परिणाम का प्रकाशन व प्रसारण

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 18वें लोकसभा आम चुनाव की मतदान प्रक्रिया की समाप्ति के 48 घंटे पहले यानि 23 मई को सायं 6 बजे से ओपिनियन पोल के परिणाम के प्रकाशन व प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान सोशल मीडिया सहित किसी भी मीडिया माध्यम से ओपिनियन पोल परिणाम को प्रकाशन व प्रसारण नहीं किया जा सकता है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कि भारत चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार चुनाव प्रचार के बंद होने से लेकर मतदान समाप्ति तक लोकसभा चुनाव से संबंधित ओपिनियन पोल व चुनाव संबंधी किसी अन्य सर्वे आदि के परिणाम के प्रसारण व प्रकाशन पर पाबंदी है। भारत निर्वाचन आयोग ने जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 126 (1) (बी) के तहत ऐसे आदेश जारी किए हुए हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के आदेशों के अनुसार सभी संबंधित क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के समय से 48 घंटे पहले अर्थात 23 मई सायं 6 बजे से ओपिनियन पोल व सर्वे आदि के परिणाम के प्रसारण व प्रकाशन पर पाबंदी रहेगी।

# मतदान से वंचिन ना रहे कोई भी वोटर : डीसी निशांत कुमार यादव

**ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी भी करेंगे मतदान, जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी की**

**बुजुर्ग व दिव्यांग जनों के मतदान के लिए 16 व 18 मई को चलेगा कैंपेन**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को आम मतदान होने से पहले गुरूग्राम जिला के जो विशेष मतदाता हैं, उनके लिए वोटिंग की व्यवस्था की जा रही है। इनमें आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारी, 85 वर्ष से अधिक आयु के वोटर, दिव्यांगजन और दूसरे जिलों से आए यहां सेवारत कर्मचारी शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र में 1904 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्होंने फार्म 12 डी भरकर अपने निवास पर ही वोट डालने की सहमति प्रदान की है। इनमें से 1022 वोटर गुरूग्राम जिला के हैं। इन मतदाताओं के वोट डलवाने के लिए 16 और 18 मई को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पोलिंग पार्टी के कर्मचारी इनके निवास स्थान पर जाएंगे और बैलेट पेपर से इनके वोट डलवाएंगे। मतदान की प्रक्रिया को गोपनीय रखा जाएगा। इसकी जानकारी सभी उम्मीदवारों को भी दी जाएगी। कोई भी उम्मीदवार स्वयं या अपना चुनाव एंजेंट भेजकर इस मतदान प्रक्रिया को दूर से देख सकता है। इसके अलावा आवश्यक सेवाओं जैसे दमकल, स्वास्थ्य, बिजली आदि विभाग के जिला में 34 कर्मचारी हैं, जो मतदान के लिए फार्म 12 डी जमा करवा चुके हैं। इन मतदाताओं के वोट 18 से 24 तारीख के बीच सचिवालय परिसर में स्पेशल पोलिंग बूथ बनाकर डलवाए जाएंगे। जो कर्मचारी या अधिकारी दूसरे जिलों के वोटर हैं और जिनकी ड्यूटी वर्तमान समय में गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र में लगी हुई है, उनको मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए फार्म 12 भरवाया गया है। लोकसभा क्षेत्र में ऐसे मतदाताओं की संख्या 3278 है। ये वोटर गुरूग्राम, नूंह व रेवाड़ी जिला में सेवारत हैं। गुरूग्राम जिला के कर्मचारी मतदाताओं के लिए लघु सचिवालय परिसर में ही बूथ बनाया जाएगा, जहां वे अपना वोट डाल सकेंगे। यह वोटिंग प्रक्रिया 18 से 24 मई के बीच पूरी कर ली जाएगी। इसी प्रकार जो कर्मचारी गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र के निवासी हैं और जिनकी ड्यूटी अपने विधानसभा क्षेत्र से बाहर दूसरे हलके में लगी हुई है, उनसे फार्म 12ए भरवाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म 12ए भरने वाले कर्मचारियों के वोट उनके ड्यूटी स्थान पर ही पोलिंग बूथ पर डलवाए जाएंगे। इसके लिए उनको चुनाव ड्यूटी का प्रमाण पत्र ईडीसी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदान के लिए सभी नागरिकों व कर्मचारियों को समान अवसर प्रदान किया गया है, जिससे कि कोई भी मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित ना रहे। सेना बलों में सेवारत जवानों के लिए ई-पोस्टल बैलेट पेपर उनकी ड्यूटी के स्थान पर सक्षम अधिकारी को भिजवा दिए गए हैं। पोस्टल बैलेट पेपर की गणना के लिए राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में एक अलग काऊंटिंग सैंटर बनाया गया है। जिसके नोडल अधिकारी एडिशनल लेबर कमिश्नर कुशल कटारिया को नियुक्त किया गया है।

# राज बब्बर ने आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर आंदोलन को दिया समर्थन

## मांग पत्र सीडीपीओ के माध्यम से महिला बाल विकास के महानिदेशक को भेजा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में राज्य कमेटी के आह्वान पर आंगनवाड़ी वर्कर एंड हेल्पर यूनियन ने कार्यक्रम अधिकारी के ऑफिस पर प्रदर्शन किया। मंगलवार को अपनी मांगों का पत्र सीडीपीओ के माध्यम से महिला बाल विकास के महानिदेशक के नाम भेजा गया।

इससे पहले एक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सरस्वती ने की और मंच का संचालन जिला की सचिव रानी ने किया। इस मौके पर जनवादी महिला समिति की राज्य के अध्यक्ष उषा सिरोहा उपस्थित रही। मंगलवार की सभा को समर्थन करने के लिए इंडिया गठबंधन के नेता कांग्रेस के नेता राज बब्बर वह आम आदमी पार्टी के नेता पंकज डागर पहुंचे। सभी आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर ओ के आंदोलन का समर्थन किया। सभी आंगनबाड़ी वर्कों ने भी गठबंधन के नेताओं को अपनी वोट का समर्थन देने का भी पूरा समर्थन किया। कांग्रेस के नेता राज बब्बर वह आम आदमी पार्टी के नेता पंकज डगर को भी अपनी मांगों का पत्र दिया गया। इस प्रदर्शन में जिले भर की सैकड़ो व वर्कर हेल्पर ने हिस्सा लिया।

# पूर्व बीजेपी विधायक रोहिता रेवड़ी कांग्रेस में हुई शामिल



**कहा- बीजेपी ना जनता का सम्मान करती और ना ही पार्टी कार्यकर्ताओं का**

**जात-पात की राजनीति में लिप्त है बीजेपी, बीजेपी में खुद को असहज महसूस करती थी- रेवड़ी**

**लगातार विस्तार ले रहा है कांग्रेस का कुनबा, कांग्रेस की सरकार बनना तय- हुड्डा**

**समाचार गेट ब्यूरो**


**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस के कुनबे में एक और बड़ी नेता की एंट्री हुई है। पानीपत से पूर्व विधायक रोहिता रेवड़ी ने बीजेपी छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन कर ली है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा। दोनों नेताओं ने उनका कांग्रेस में स्वागत किया और पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर रोहिता रेवड़ी ने कहा कि बीजेपी ना आम जनता का सम्मान मिलता है और ना ही पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्मान देती है। भाजपा पूरी तरह जात-पात की राजनीति में लिप्त इसलिए वो पार्टी के भीतर खुद को असहज महसूस कर रही थीं। लोगों को बांटने वाली राजनीति से दूरी बनाते हुए उन्होंने बीजेपी छोड़ने का फैसला लिया है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस का कुनबा लगातार विस्तार लेता जा रहा है। चुनाव में कांग्रेस को जनता का भरपूर साथ और समर्थन प्राप्त हो रहा है। भाजपा व अन्य दलों को छोड़कर 40 से ज्यादा सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक कांग्रेस के साथ आ चुके हैं। सभी ने एकजुट होकर जनता विरोधी इस सरकार को हराने का फैसला लिया है। जो भी नेता संघर्ष के समय में कांग्रेस का साथ आ रहे हैं, पार्टी उनका आभार व्यक्त करती है। उनके आने से निश्चित ही हरियाणा में कांग्रेस को और मजबूती प्राप्त होगी। इसबार देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय है।

# फरीदाबाद मॉडल स्कूल का सीबीएसई कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का शानदार परीक्षा परिणाम



मेघा मित्तल



तनु कुमारी



निशुपाल



सक्षम

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद मॉडल स्कूल के छात्रों ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा 2024 में असाणारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। दसवीं कक्षा में तनु कुमारी ने 954 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया, उसके बाद मेघा मित्तल 95 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

विज्ञान में तनु कुमारी ने 100 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया, मेघा मित्तल ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया, मेघा मित्तल ने गणित में 99 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया, तनु कुमारी और प्राप्ति चौधरी ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया। हिंदी में मुशाब अख्तर ने 97 प्रतिशत अंक, गुंजन और शुभम ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी में मेघा मित्तल, गुंजन और क्रिस्टी राजपूत ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सामाजिक विज्ञान में तनु कुमारी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कंप्यूटर में शुभम ने 97 प्रतिशत अंक, लक्ष्य भाटी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

बारहवीं कक्षा में, निशु पाल ने 946 प्रतिशत के साथ टटप किया, उसके बाद सक्षम गुप्ता ने 912 प्रतिशत के साथ और मनस्वी गोयल ने 904 प्रतिशत के साथ टॉप किया। अंग्रेजी में ध्रुव सहरावत ने 98 प्रतिशत अंक, प्रथम जोशी ने 97 प्रतिशत अंक, निशु पाल, अदिति, काम्या रे, रितिका जोशी, स्नेह यादव और युवराज भारद्वाज ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। हर्षिता यादव ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। मैथ्स में अभिनव झा ने 95 प्रतिशत फीसदी अंक हासिल किए। फिजिक्स में मनस्वी गोयल और अभिनव झा ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए। रसायन विज्ञान में मनस्वी गोयल, निशु पाल, तोशिता और अमित कुमार ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जीव विज्ञान में निशु पाल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। शारीरिक शिक्षा में ध्रुव सहरावत ने 96 प्रतिशत अंक और निशु पाल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। अकाउंटेंसी में सक्षम गुप्ता ने 99 प्रतिशत अंक, हिमांशु ने 98 प्रतिशत अंक, गर्वित शर्मा, निर्भय वर्मा और युवराज भारद्वाज ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

दसवीं कक्षा में 71 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और बारहवीं कक्षा में 52 छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विभिन्न विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

अकादमिक निदेशक-श्रीमती शशि बाला, डायरेक्टर प्रिंसिपल उमंग मलिक और ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# लोकसभा आम चुनाव को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए कानूनी जागरूकता कैंप का आयोजन




**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुमोदन पर उपखंड कानूनी सेवाएं समिति के चेयरमैन माननीय सुनील कुमार न्यायिक मजिस्ट्रेट सिवानी के निर्देश में सिवानी खंड के गांव बड़वा व खेड़ा मे देश में हो रहें लोकसभा के आम चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कानूनी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया जिसमें युवा पैनल अधिवक्ता राजपाल खेड़ा ने वोट का अधिकार अधिनियमों व मूल अधिकारों से संबंधित कानूनों की जानकारी दी, खेड़ा ने कहा कि आज देश में लोकसभा के आम चुनाव हो रहें हैं जिसमें लोगों को अपने मतदान का उपयोग करना चाहिए क्योंकि वोट का अधिकार हर नागरिक का मूल अधिकार है उन्होंने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण भी समय-समय पर भारत के लोगों को उनके हक अधिकारों की जानकारी देने के लिए विशेष प्रयास करते रहते हैं ताकी आमजन को उनके कानूनी अधिकारों का पता चल सके , खेड़ा ने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य है देश के हर नागरिक को कानूनी जानकारी उपलब्ध करवाना , उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव लोकतंत्र का महापर्व हैं इसमें लोगों को बढ़ - चढ़ कर अपने मत का प्रयोग देश हित में जरूर करना चाहिए,उन्होंने कहा कि कानूनी जानकारी के अभाव में ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोग मताधिकार से वंचित रहे जाते हैं, इस मौके पर पैनल अधिवक्ता राजपाल खेड़ा ने मताधिकार कानून के साथ - साथ राष्ट्रीय लोक अदालत, निशुल्क परामर्श केंद्र व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी इस मौके एडवोकेट राजपाल खेड़ा, पीएलवी संदीप कुमार, महाबीर बराड़, दलबीर डाबला, भारती जिलोहां, मीरा देवी, कुसुम बौद्ध, बेदो, अंगूरी, नीम्बो, कमला, केला, रितिका जिलोहा, विनोद कुमार, अशोक, अजय, रवि, विजय, लीलूराम कविता, सुमन राजपाल, सरिता जांगड़ा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहें

## बख्तावरपुर में युवाओं ने समाज सेवी राजबीर फरटिया का किया भव्य स्वागत



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** खंड के गांव बख्तावरपुरा में कांग्रेसी नेता व समाजसेवी राजबीर फरटिया का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सैंकड़ों बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राजबीर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। राजबीर फरटिया ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की अबकी बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और आने वाले विधानसभा चुनावों में प्रदेश की जनता ने भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है।

फरटिया ने कहा की कांग्रेस उम्मीदार राव दान सिंह को लोहारू हल्के से करीब 50 हजार से ज्यादा वोटो से जीता कर भेजेंगे। वहीं युवाओं ने समाज सेवी राजबीर फरटिया को केलो से तोल कर स्वागत भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा की गांव के युवाओं ने सम्मान जो दिया हैं उसको वो कभी कम नहीं होने देंगे। इस अवसर पर प्रवीण जांगड़ा, सुनील जांगड़ा, शमशेर जांगड़ा, सतीश जांगड़ा, मुकेश जांगड़ा, आजाद मिरान, कुलदीप खेड़ा, रमेश फौजी इत्यादि मौजूद थे।

# मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि कर लें मतदाता: जिला निर्वाचन अधिकारी

## वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी डाला जा सकता है वोट


**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने कहा है कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकलपिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह



वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकलपिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट सीईओ.ईसीआई हरियाणा.जीओवी.इन पर विधानसभा अनुसार मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चौक कर सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन नंबर-1950 पर कॉल करके भी अपना वोट चौक कर सकते हैं।






## संपादकीय

# मजबूत अर्थव्यवस्था में प्रवासी कामगारों की भूमिका




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) की 7 मई 2024 को जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में भारत विदेशों में काम करने वाले भारतीय कामगारों से सबसे ज्यादा धन पाने वाले देशों के रूप में सूचीबद्ध हुआ है। मैक्सिको, चीन, फिलीपींस व फ्रांस जैसे देश भी इस सूची में भारत की तुलना में नीचले पायदानों पर है। भारत के लिये यह गौरव की बात है और इससे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने के भारत के प्रयासों को भी बल मिलेगा। नया भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण में विदेशों में रह रहे भारतीय कामगारों ने अपने खून-पसीने की कमाई से अर्जित धनराशि में से वर्ष 2022 में 111 बिलियन डॉलर अपने देश भेजे हैं। यह आंकड़ा जहां विश्व में भारतीय श्रमशक्ति की गौरवपूर्ण गाथा को दर्शाता है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था में उनके अमूल्य योगदान को दिखाता है। आईओएम की ताजा रिपोर्ट वैश्विक प्रवास पैटर्न में महत्त्वपूर्ण बदलावों का खुलासा करती है, जिसमें विस्थापित लोगों की रिकॉर्ड संख्या और अंतर्राष्ट्रीय प्रेषण में बड़ी वृद्धि शामिल है। पूरे विश्व में अनुमानित 281 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों के साथ, संघर्ष, हिंसा, आपदा और अन्य कारणों से विस्थापित व्यक्तियों की संख्या आधुनिक रिकॉर्ड में उच्चतम स्तर तक बढ़ गई है, जो 117 मिलियन तक पहुँच गई है, जो विस्थापन संकट को संबोधित करने की तात्कालिकता को रेखांकित करती है।

भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं। इनके अलावा भारतीय कामगार भी बड़ी संख्या में विदेशों में अपने श्रम से धन अर्जित करके न केवल अपने परिवारों का पालन-पोषण करते हैं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। निश्चित रूप से यह उन कामगारों के भारत के प्रति आत्मीय लगाव एवं देशप्रेम को ही दर्शाता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में योगदान करने वाले इन श्रमवीरों के प्रति देश कृतज्ञ है। निश्चित रूप से इसका भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं दुनिया में भारतीय श्रम-शक्ति एवं प्रतिभाएं अपनी क्षमता, कौशल एवं प्रतिभा से विपुल आर्थिक, सामाजिक एवं विकासमूलक योजनाओं की नयी संभावनाओं के द्वार खोलती है, जिससे दुनिया में भारत की ताकत को नये पंख लगते हैं।

भारतीय कामगारों, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं एवं कौशल के लिए शीर्ष प्रवासन गलियारे संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब हैं जबकि राजनीतिक कारणों से भारत में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की सबसे अधिक संख्या बांग्लादेश से आती है। प्रश्न है कि भारतीय कामगार एवं प्रतिभाएं जितनी बड़ी संख्या में विदेशों में जाकर अपनी क्षमताओं एवं प्रतिभा का लोहा मनवा रही है, विदेशी प्रतिभाएं उतनी संख्या में भारत नहीं आ रही है। वोट बैंक बढ़ाने के लिये बांग्लादेश आदि पडौसी देशों से गरीब एवं मुसलमानों का बड़ी संख्या में देश में आना, यहां के विकास को अवरोध करता है। इस तरह के लोगों के आने से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, वही उनका भारत के विकास में योगदान नगण्य है और उनका भारत से कोई मजबूत एवं आत्मीय रिश्ता भी कायम नहीं हो पाता है, यह एक समस्या के रूप में भारत के विकास को बाधित करता है।

# बीआर स्कूल सेहलंग की छात्रा आचुकी व छात्र दीपेंद्र ने दसवी कक्षा के परिणाम में प्राप्त किया उत्कृष्ट स्थान

## ओवरऑल परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर विद्यालय प्रबंधन ने जताई खुशी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा जारी दसवीं के परीक्षा परिणाम में हर बी.आर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेहलंग के विद्यार्थियों नें अपना दबदबा कायम रखते हुए उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम की श्रेष्ठता को कायम रखा है। विद्यालय के चेयरमैन हरीश भारद्वाज व प्राचार्य डॉ राममोहन वशिष्ठ ने बताया छात्रा आचुकी पुत्री महेश ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम व दीपेंद्र पुत्र धर्मेंद्र ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया है। 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त दीक्षिका पुत्री राजकुमार तीसरे स्थान पर रही है। उन्होंने बताया कि 4 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 23 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय का दसवीं कक्षा का परिणाम भी बारहवीं कक्षा की भांति शत प्रतिशत रहा है। प्राचार्य डॉ राममोहन वशिष्ठ ने छात्रों की सफलता और अभिभावकों के सहयोग पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन छात्रों और शिक्षकों की मेहनत से प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने के लिए कटिबध है। उत्कृष्ट परीक्षाफल देकर अभिभावकों के विश्वास पर निरंतर खरा उतरने का काम करेगें। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने परिणाम पर खुशी व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को सतत मेहनत के लिए प्रेरित किया है। इस अवसर पर उप संचालक कृष्ण भारद्वाज, उप प्राचार्या ज्योति भारद्वाज, राजकुमार, राजपाल सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# हिंदू विद्या निकेतन विद्यालय के 10वीं कक्षा के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले में टॉपर रहा

**हिन्दू विद्या निकेतन विद्यालय वर्ष 2021 से सीबीएसई से मान्यता प्राप्त कर नूहं जिले में छात्रों को उच्च एवं बेहतर शिक्षा देने का निरंतर प्रयास करता रहा है।**



VATSAL JAIN
District Topper
(97.4%)

**विद्यालय की प्रबंध समिति के संजय कुमार गुप्ता (अध्यक्ष) व पंकज सिंगला (प्रबंधक) ने सभी छात्रों व अभिभावकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी।**

Merit Students



| KHUSHI | MAHI GUPTA | LUBNA | POOJA | PRINCE | ASHOK | DEVRAJ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 90% | 87% | 84.6% | 84.6% | 80.6% | 80.4% | 80.4% |

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हिंदू विद्या निकेतन विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा आयोजित दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हिन्दू विद्या निकेतन विद्यालय वर्ष 2021 से सीबीएसई से मान्यता प्राप्त कर नूहं जिले में छात्रों को उच्च एवं बेहतर शिक्षा देने का निरंतर प्रयास करता रहा है। इसी के परिणामस्वरुप सीबीएसई बोर्ड के कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र भैया वत्सल जैन ने 97.4% अंकों के साथ नूंह जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया कक्षा 10वीं की परीक्षा में कुल 41 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 8 बच्चे मेरिट में स्थान बनाते हुए, कुल 22 छात्र भैया-बहनों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। जिनमें वत्सल जैन 97.4% अंकों के साथ प्रथम स्थान, खुशी 90% अंकों के साथ द्वितीय स्थान व माही गुप्ता 87% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इनके अलावा पूजा 84.6%, लुबना 84.6%, प्रिंस 80.6%, अशोक 80.4%, देवराज 80.4% ने मैरिट में स्थान बनाकर शानदार प्रदर्शन किया प्रत्येक वर्ष विद्यालय सी बीएसई के बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

परीक्षा परिणाम को देखकर सभी छात्र व अभिभावक खुश दिखाई दिए। विद्यालय की प्रबंध समिति के संजय कुमार गुप्ता (अध्यक्ष) व पंकज सिंगला (प्रबंधक) ने सभी छात्रों व अभिभावकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य पृथ्वीराज कौशल व दसवीं कक्षा में अध्यापन करने वाले आचार्य/दीदी गीता, कंचन, जयपाल सिंह, हरीश कुमार ने सभी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए हार्दिक बधाई देते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पीडब्ल्यूडी और 85 प्लस मतदाता घर पर कर सकेगे मतदान : धीरेंद्र खडग़टा

**दोनों श्रेणी के मतदाताओं द्वारा भरा गया फार्म 12डी**

**17 व 19 मई को आवेदकों के घरों पर जाएगी पोलिंग पार्टियां**

**घर पर मतदान के लिए 10 मोबाइल पोलिंग पार्टियों गठित**

**मतदान की गोपनीयता को रखा जाएगा बरकरार**

**राजनैतिक दलो के एजेंटो भी रहेगें मौजूद**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने कहा है कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार जिला में पर्सन विद डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूडी) तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को उनके घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। घर पर मतदान कराने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी व्यवस्था कर दी है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त दोनों श्रेणी के मतदाताओं के मतदान की गोपनीयता, स्वतंत्रता व निष्पक्षता को कायम रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला प्रशासन ने तिथियां निर्धारित कर दी है और रूट प्लान भी जारी कर दिया गया है। सभी राजनीतिक दलों को इस बारे सूचना दी दी गई है। उन्होंने बताया कि शेड्यूल के मुताबिक उपरोक्त दोनों श्रेणी के मतदाताओं का मतदान 17 से 19 मई को करवाया जाएगा। इन सभी मतदाताओं ने फॉर्म 12 डी भरकर दिए हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि घर पर मतदान करवाने के लिए जिला में 10 मोबाइल पोलिंग पार्टियों गठित की गई है। इन सभी पार्टियों के सदस्यों को बाकायदा प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने उपरोक्त श्रेणी के मतदाताओं का आह्वान किया है कि वह 17 मई को अधिक से अधिक मतदान करें तथा अगर किसी कारणवश कोई मतदाता 17 मई को मतदान करने से वंचित रह जाता है तो वह 19 में को मतदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस मतदान प्रक्रिया की पूरी गोपनीयता को बरकरार रखा जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी विभिन्न पोलिंग पार्टियों के एजेंट भी मौजूद रहेंगे। लेकिन एजेंट घर के बाहर ही रहेंगे। उपरोक्त दोनों तिथियों में घर पर करवाए जाने वाले मतदान के बारे में गुडग़ांव रिटेनिंग अधिकारी द्वारा लिखित में सभी चुनाव लडने. वाले उम्मीदवारों को सूचित भी किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि एक पथ प्रदर्शक पहल करते हुए भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने लोकसभा चुनाव 2024 में पहली बार बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए घर पर मतदान की सुविधा प्रदान की है। 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता और 40 प्रतिशत बेंच मार्क दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन(पीडब्ल्यूडी) वैकल्पिक घर से मतदान करने सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। बुजुर्गों और दिव्यांगों को घर पर मतदान की सुविधा देकर यह आयोग की उनके प्रति चिंता और सम्मान की अभिव्यक्ति है। यह पहल चुनावी प्रक्रिया की समावेशिता व पहुंच सुनिश्चित करने और लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है।

# राव इंद्रजीत सिंह व चौ. धर्मबीर सिंह के आश्वासन के बाद मंगलवार से ग्रामीणों का धरना समाप्त

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बागोत के बीच वाहनों के लिए एंट्री-एग्जिट कट छोडने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत के मध्य पिछले 14 माह से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे ग्रामीणों को गुरुग्राम लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह तथा भिवानी-महेंद्रगढ के उम्मीद्वार चौ.धर्मबीर सिंह के कट बनवाने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त करने का निर्णय लिया है। धरना समाप्त होने के बाद ग्रामीणों तथा जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। जनप्रतिनिधि सोमवार को सेहलंग व कनीना में नुक्कड सभाओं को सम्बोंधित कर रहे थे। धरना संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने धरने के 428वें दिन उनसे मुलाकात की। राव इंद्रजीत सिंह के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना स्थगित करने का ऐलान कर दिया। मंगलवार से काई भी ग्रामीण धरना स्थल पर नहीं पंहुचा।

# मरम्मत कार्य के चलते आज गुढा पावर हाउस की बिजली 3 घंटे रहेगी बाधित

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** गांव गुढा स्थित 33 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन में बिजली उपकरणों की मरम्मत कार्य के चलते बुधवार 15 मई को सुबह 8 बजे से लेकर 11 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। बिजली निगम कर्मी रमेश चंद ने बताया कि उपभोकताओं को निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई करने के लिए निगम कर्मचारी प्रतिबध हैं।

# गुढा में गाली-गलोच तथा मारपीट करने के आरोप में तीन महिलाओं सहित 5 नामजद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत गांव गुढा में गालीगलोच कर बेटी व मां से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन महिलाओं सहित 5 व्यक्तियों के विरुध भादसरू की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। इस बारे में पीडिता प्रीती ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह सुबह करीब साढे 8 बजे दूध-लस्सी लेने जा रही थी तभी रास्ते में सुरेंद्र, कविता, ओमी,प्रेमचंद व कोशल्या ने साजबाज होकर गालीगलोच कर मारपीट की। सूचना मिलने पर उसकी मां ऊषा देवी बीच-बचाव करने के लिए मौके पर पंहुची तो उसके साथ भी मारपीट की। आरोपियों द्वारा मारपीट करने से बेटी तथा मां घायल हो गई। घटना की सूचना पुलिस के ईआरवी वाहन डायल 112 को दी गई। पुलिस ने मौके पर पंहुच कर हालात देख उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार कर ऊषा देवी को पीजीआईएमएस रोहतक के लिए रैफर कर दिया। पुलिस ने घायल प्रीती की शिकायत पर मारपीट के आरोपी सुरेंद्र, कविता,औमी, कोशल्या व प्रेमचंद के खिलाफ मारपीट,धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# सडक हादसे में बाईक सवार एक युवक की मौत दूसरा घायल

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-सिहोर सडक मार्ग पर सोमवार रात्री के समय घटित सडक हादसे में एक बाईक सवार युवक की मोत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वार्ड 7 निवासी संदीप ने कनीना सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि बीती रात्री उसका छोटा भाई प्रदीप व पडौसी मनीष बाईक पर सवार होकर सिहोर गांव की ओर गए थे। जब वे वापिस आ रहे थे तो नहर के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी। जिससे वे बाईक सहित गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए। जिन्हे राहगीरों की मदद से उप नागरिक अस्पताल दाखिल कराया गया। सूचना मिलने पर संदीप उप नागरिक अस्पताल कनीना में पंहुचा जहां चिकित्सकों ने उसके भाई प्रदीप को मृत घोषि कर दिया तथा मनीष को उपचार देकर पीजीआईएमएस रोहतक के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने संदीप की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मृतक का पंचनामा करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# यूरो स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर कटिबध: सुनील यादव

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** यूरो स्कूल कनीना में प्रांगण में समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहता है। इसी कडी में मंगलवार को विद्यालय में 'कार्ड बनाओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर कटिबध है। इस प्रतियोगिता में रचित ने प्रथम, जागृत ने द्वितीय एवं आयुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सुनील यादव ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में प्रतिभा छुपी हुई रहती है जिसे तराशने की जरूरत होती है। इस अवसर पर उप-प्राचार्या मंजू यादव, कोर्डिनेटर संजू यादव, तन्नू गुप्ता, सुमन यादव, विरेन्द्र सिंह, गतिविधि प्रभारी रीतू तंवर व समस्त शिक्षक वर्ग उपस्थित थे।

# दसवीं कक्षा में निधि व कंचन तथा 12वीं में रोनक व प्राची रही विद्यालय की टॉपर



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव व प्राचार्य ओमप्रकाश ने बताया कि हर वर्ष की भाँति विद्यार्थियो ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्रदान किया है। 10वीं कक्षा में निधि सुपुत्री अनिल ने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर प्रथम व कंचन सुपुत्री सत्यवान ने 485 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। 12वीं कक्षा की रोनक यादव सुपुत्री राजपाल सिंह यादव ने 500 में से 482 अंक प्राप्त कर प्रथम व प्राची सुपुत्री मुकेश कुमार ने 500 में से 477 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि 205 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेधा सूचि में अपना नाम दर्ज कराया है। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के श्रेय विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को दिया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियो को पढाई के साथ-साथ उनकी प्रतिभा अनुसार कौशल को विकसित करने की अधिक आवश्यकता है। उन्हें स्कोर के साथ अधिक सीखने पर बल देना चाहिए। अभिभावकों से भी कहा कि हमें बच्चो की तुलना नहीं करनी चाहिए। प्रत्येक बच्चा विशेष प्रतिभा का धनी होता है जो क्षेत्र विशेष में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकता है। उन्होंने कहा कि एसडी विद्यालय सच्चाई व परिश्रम के साथ सफलता के मार्ग पर अग्रसर है। विद्यालय सीबीएसई के नियमों के अनुसार परिणाम प्रदर्शित करता है जो विश्वसनीय एवं सत्य पर आधारित है। विद्यालय एकेडमिक शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा, खेल, सह-पाठयक्रम गतिविधियों, सूचना प्रौघोगिकी आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान रखते हुए विदयार्थियों के समग्र विकास पर बल दे रहा है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सीआईएसएफ की वर्दी पहनकर घूम रही थी महिला

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर एक महिला सीआईएसएफ की वर्दी में घूमते हुए पकड़ी गई। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है, जब उसने खुद को सीआईएसएफ कर्मी बताया। उसके बैग से एक और खाकी वर्दी बरामद की गई, जिसकी पहचान अंजलि के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और केस दर्ज किया गया है। पुलिस अनुसार, सीआईएसएफ के जवान रवि तोमर रात को एयरपोर्ट टर्मिनल-2 के बाहर गश्त कर रहे थे। उन्होंने एक युवती को सीआईएसएफ की वर्दी पहने देखा और उन्हें उसके चलने का तरीका संदेहित किया। युवती को हिरासत में लिया गया और सीआईएसएफ की महिला इंस्पेक्टर को बुलाया गया। जांच में, युवती ने दावा किया कि वह दिल्ली मेट्रो में काम करती है और किसी परिचित से मिलने आई थी। हालांकि, उसने कोई पहचान पत्र नहीं दिखाया। उसे आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस के पास भेज दिया गया। जांच में पता चला कि अंजलि का एक युवक से दोस्ती है, जो एयरपोर्ट पर काम करता है और जिससे उसने बताया था कि वह सीआईएसएफ में काम करती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


हिन्दी दैनिक समाचार पत्र समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में



फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# गुडग़ांव लोक सभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में लगाई जाएगी दो बैलेट यूनिट : डीसी धीरेंद्र खडग़टा

**अतिरिक्त ईवीएम के लिए नूंह में किया गया सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन**

**रेंडमाइजेशन के दौरान मौजूद रहे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि तथा एआरओ**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा की उपस्थिति में आज लघु सचिवालय के सभागार में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम)एवं का सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद थे। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया आरंभ करने से पहले उपायुक्त ने संक्षिप्त जानकारी दी एवं सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुडग़ांव लोकसभा क्षेत्र से कुल 23 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। एक बैलेट यूनिट पर केवल 16 प्रत्याशियों के नाम व चुनाव चिन्ह आ सकते हैं। इसलिए दो बैलेट यूनिट की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि जिसके लिए अतिरिक्त ईवीएम का प्रयोग किया जाना है। अतिरिक्त ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में करवाई जा चुकी है। आज का रेंडमाइजेशन भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ। रेंडमाइजेशन के माध्यम से विधानसभा वाइज ईवीएम को अॅलाट कर दिया गया। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने ओटीपी व पासवर्ड के माध्यम से सॉफटवेयर को ओपन किया। इसके उपरांत सबके सामने सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया आरंभ की गई। रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया को स्क्रीन पर सब ने देखा। बाद में प्रिंट आउट निकालकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा मौजूद अधिकारियों के हस्ताक्षर भी करवाए गए। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा नूंह के एसडीएम एवं सहायक रिर्टनिंग अधिकारी विशाल, फिरोजपुर-झिरका की एसडीएम एवं सहायक रिर्टनिंग अधिकारी डा. चिनार चहल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, नगगराधीश अशोक कुमार व नायब तहसीलदार चुनाव राजेन्द्र हुड्डा आदि मौजूद थे।

# क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की रहेगी पैनी नजर : धीरेन्द्र खडग़टा

**सामान्य पर्यवेक्षक की मौजूदगी में माईक्रो ऑब्जर्वर का किया गया रेंडमाइजेशन :**

**वीसी के माध्यम से माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण**

**कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से दी गई जानकारी**

**ट्रेनिंग के दौरान डीसी भी रहे मौजूद**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** गुडग़ांव संसदीय क्षेत्र की सामान्य पर्यवेक्षक डा. दिलराज कौर की उपस्थिति में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के अंतर्गत आने वाली तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर का रेंडमाइजेशन किया गया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने सामान्य पर्यवेक्षक को बताया कि जिला में कुल 37 लोकेशन है, जहां पर माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की जाएगी। इन 37 लोकेशन के अंतर्गत अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के कुल 76 मतदान केंद्र आएंगे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा की उपस्थिति में विडियों कार्फ्रेंसिंग के माध्यम से नूंह जिला के लिए नियुक्त किए गए सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। माइक्रो आब्जर्वर को उनके कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में माइक्रो आब्जर्वर को बताया गया कि भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करनी होगी। चुनाव की शुचिता, निष्पक्षता व समयबद्धता को बनाए रखना होगा। माइक्रो ऑब्जर्वरस को मतदान शुरु होने से पहले अपने एरिया में पहुंचना होगा और क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्रों पर पैनी नजर रखनी होगी। माइक्रो ऑब्जर्वर को यह देखना होगा कि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं स्वतंत्रता पूर्वक चल रही है या नहीं। मॉक पोल के दौरान भी माइक्रो आब्जर्वर को मौजूद रहना होगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर पर मतदान केंद्रों पर कडी निगरानी रखने की जिम्मेदारी रहती है। इस दौरान वे देखते हैं कि मतदान केंद्रों पर चुनावी प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से चल रही है या नहीं। माइक्रो ऑब्जर्वर इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि मतदान के बाद ईवीएम सील हुई है या नहीं। मतदाता की उंगली पर चुनावी स्याही लग रही है या नहीं आदि पर अपनी नजर रखते हैं। माइक्रो ऑब्जर्वर को मतदान केंद्र पर कोई गड़बड़ी होती नजर आती है तो वो इस बात की जानकारी तुरंत जनरल ऑब्जर्वर व रिर्टनिंग अधिकारी को देता है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाती है।

# होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं के रिजल्ट में मारी बाजी




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** होली चाइल्ड पबलिक स्कूल रेवाडी के क्रिश कुमार सुपुत्र श्रीमती फूल देवी एवं राजीव कुमार ने सी.बी.एस.ई द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणाम में 98.8 प्रतिशत अंक, कु. प्रियांषी सुपुत्री श्रीमती आरती यादव एवं प्रदीप कुमार ने 98.4 प्रतिशत अंक, विधि वशिष्ठ ने 97.2 प्रतिशत अंक, तान्या, यश कुमार और शौर्य रुस्तगी ने 97 प्रतिशत अंक, युवराज ने 96.8 प्रतिशत अंक, शिवम, नव्या शर्मा और शिवानी ने 96.4 प्रतिशत अंक, अंशिका वत्स और मनुज यादव ने 96.2 प्रतिशत अंक, भव्य बंसल ने 96 प्रतिशत अंक, करिश्मा और आदित्य सिंह ने 95.6 प्रतिशत अंक, हिमांशी कौशिक ने 95.4 प्रतिशत अंक, आस्था शर्मा ने 95.2 प्रतिशत अंक, योगिता ने 95 प्रतिशत अंक, मोहित कुमार यादव और पूर्णिमा गोयल ने 94.8 प्रतिशत अंक, जिया चौहान और माधव गोयल ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल की गौरवषाली परम्परा का निर्वाह किया।

क्रिश कुमार और विधि ने गणित में 100, नैन्सी ने साइंस में 100, क्रिश कुमार और प्रियांशी ने कम्पयूटर साइंस में 100, नव्या शर्मा, शिवानी, आदित्य सिंह, मनुज, तनिष भाटिया, लावन्या रुस्तगी, मनीष देवरारी, हर्षिता ने पेंटिग में 100 अंक प्राप्त किए। 22 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 50 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं 107 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 10वीं की परीक्षा में सम्मलित सभी 219 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। छात्रों ने अभिभावकों और अध्यापकों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर स्कूल निदेशक अनिरुद्ध सचदेवा ने सभी प्रतिभाशाली छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह प्रदर्शन कर समाज और देश के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह करने के लिए प्रेरित किया।

# विपरीत परिस्थितियों पर विजय: बेबी ऑफ प्रियंका की कहानी



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी में मातृका हॉस्पिटल को बेबी ऑफ प्रियंका की शानदार यात्रा को साझा करने पर गर्व है, यह एक नवजात शिशु है, जिसने एक्सपर्ट मेडिकल केयर और अटूट समर्पण के सपोर्ट से अपने जीवन के शुरुआती दिनों में महत्वपूर्ण चुनौतियों पर काबू पाया। मातृका अस्पताल में जन्मे प्रियंका के बेबी को जन्म के तुरंत बाद सांस लेने में दिक्कत हुई। नॉन इनवेसिव वेंटिलेशन में शुरुआती देखभाल के बावजूद जन्म के 24 घंटों के अंदर बच्चे को न्यूमोथोरैक्स नामक सीरियस कॉम्प्लीकेशन डेवलप हो गया इस कंडीशन में फेफड़ों से छाती गुहा (चेस्ट कैविटी )में हवा का रिसाव होता है।

डॉ. रविंदर और मातृका अस्पताल की मेडिकल टीम द्वारा इस कॉम्प्लिकेशन का समय पर पता लगाने से तुरंत ट्रीटमेंट शुरू हो सका। बेबी को तुरंत इंट्यूबेट किया गया और मैकेनिकल वेंटिलेशन पर रखा गया, चेस्ट कैविटी की हवा को बाहर निकालने के लिए एक विशेष ट्यूब डाली गई, जिससे न्यूमोथोरैक्स को प्रभावी ढंग से मैनेज किया गया। डॉ. रविंदर ने बताया कि बेबी का शुरुआती रिस्पांस पॉजिटिव था, लेकिन उसकी की हालत धीरे-धीरे बिगड़ती गई, जिससे हाई-फ्रीक्वेंसी वेंटिलेटर के उपयोग की आवश्यकता पड़ी। स्पेशलाइज्ड केयर की आवश्यकता को पहचानते हुए, बच्चे को मदरहुड अस्पताल, गुड़गांव में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया, जहां एडवांस फैसिलिटी और एक्सपर्ट मौजूद थे।

आधी रात में, प्रियंका के बेबी को गुड़गांव के मदरहुड अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति के कारण उसे तुरंत हाई-फ्रीक्वेंसी वेंटिलेटर पर रखा गया। उनकी बीमारी की गंभीरता को देखते हुए, मदरहुड अस्पताल की डेडिकेटेड मेडिकल टीम ने चौबीसों घंटे केयर और सपोर्ट प्रदान करने में लगी रही। मदरहुड हॉसपिटल, गुड़गांव की नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. शैली गुप्ता ने बताया कि, चार दिनों के इंटेंसिव ट्रीटमेंट के बाद, हमें बेबी की कंडीशन में इंप्रूवमेंट के साइन नजर आने लगे। यह हमारी टीम द्वारा मिलकर किए प्रयासों और बेबी के जुझारुपन न का प्रमाण था।

शानदार रिकवरी के बाद, प्रियंका के बेबी को वेंटिलेटर से हटा दिया गया और दस दिन की उम्र में स्टेबल कंडीशन में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आज, दो महीने की उम्र में भी, वह लगातार प्रगति कर रहा है, जो उसके शुरुआती दिनों में प्रदर्शित उल्लेखनीय ताकत और दृढ़ता का प्रमाण है।

# लोकसभा चुनाव में एसएमएस का खर्चा भी जोड़ा जाएगा उम्मीदवार के खाते में: जिला निर्वाचन अधिकारी

**आपततिजनक एसएमएस भेजने वाले उम्मीदवार के खिलाफ होगी नियमानुसार कार्रवाई : डीसी**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। चुनाव प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक चुनाव प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं कि मतदान संपन्न होने के लिए निश्चित किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार के दौरान आपततिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी टीम की कड़ी नजर रहेगी। आपततिजनक एसएमएस की जांच के दौरान एसएमएस भेजने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अदालत द्वारा उद्घोषित किए गए दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी 6 साल से थे फरार, थाना बावल में दर्ज है गाड़ी चोरी करके जबरन वसूली करने का मामला**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** अपराध शाखा-2 धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक योगेश हुड्डा की टीम ने थाना बावल में दर्ज वर्ष 2018 में बुलेरो गाड़ी चोरी करके गाड़ी देने के नाम पर जबरन वसूली करने के मामले में पिछले 6 साल से फरार अदालत द्वारा उद्घोषित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जांचकर्ता ने बताया कि थाना बावल में वर्ष 2018 में दर्ज बावल निवासी एक व्यक्ति की बुलेरो गाड़ी चोरी करके गाड़ी देने के नाम पर जबरन वसूली करने के मामले में आरोपी फनती व शमशेर फरार चल रहे थे। माननीय अदालत ने वर्ष-2020 में आरोपी फनती व शमशेर को भगोड़ा घोषित किया था। जो इस मामले में पुलिस को आरोपी की तलाश थी। अपराध शाखा- 2 व धारूहेड़ा पुलिस ने सोमवार को आरोपी फनती व शमशेर को बस स्टेंड धारूहेड़ा से काबू करके थाना बावल पुलिस के हवाले कर दिया है। थाना बावल पुलिस ने आरोपियों को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# बेल जम्प का आरोपी गिरफ्तार

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** अभियोग संख्या 174/2018 धारा 147,148, 354डी, 323, 324 आईपीसी, थाना कसौला, रेवाड़ी में आरोपी गोविन्द निवासी गांव हसनपुर, यूपी को माननीय अदालत द्वारा जमानत पर छोड़ा गया था और आगामी तारीख पेशी निश्चित करते हुए न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए गए थे, किन्तु उपरोक्त आरोपी निश्चित की गई तारीख पेशियों पर माननीय अदालत के सम्मुख पेश ना होने व माननीय अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर आरोपी गोविन्द उक्त को जमानोत्तर अपराधी घोषित किया गया था। माननीय अदालत द्वारा घोषित उपरोक्त जमानोत्तर अपराधी को कल दिनांक 13 मई 2024 को थाना कसौला पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके माननीय अदालत के सम्मुख पेश किया गया है।

# खेडी में पंचायती जमींन को लेकर हुआ दो गुटों में झगडा

**पुलिस ने 3 महिलाओं सहित 6 के खिलाफ किया केस दर्ज**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत गांव खेडी में जमींनी विवाद को लेकर दो गुटों में हुई मारपीट में पुलिस ने 6 व्यक्तियों के खिलाफ भादसरू की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। इस बारे में पीडित महिला लज्जा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि नवीन,पूजा,रेखा, श्याम सिंह, सावित्री देवी ने खसरा नम्बर 195 में पंचायत की मलकियत पर एक कनाल 14 मरला भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जिससे रास्ता अवरूध हो गया। इस भूमि पर महिला बाला देवी द्वारा भी पक्की तामीर की गई थी जिसे लेकर रविंद्र व सुदर्शन ने वर्ष 2012 में कनीना स्थित सक्षम न्यायालय में 7 वीसीएल का वाद दायर किया था। न्यायालय के आदेश मुताबिक एलसी नियुक्त कर पैमाईश कर उसकी रिपोर्ट तैयार की गई थी। जिसमें उपरोक्त रक्बा में पक्की तामीर होना पाया गया था। न्यायालय ने 2013 में कब्जेधारी को बेदखल करने के आदेश पारित किये थे। बीती 28 अप्रैल को उपरोक्त लोगों ने अपने रिश्तेदार राजमिस्त्री को बुलाकर जबरन मकान बनाने का कार्य शुरू किया। इस पर जब उन्हें जब मना किया गया तो आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस घटना की विडियो रिकार्डिंग भी की गई। घटना में प्रार्थिया गंभीर रूप से घायल हो गई वहीं उसके परिजन सुनिता देवी, हीरासिंह, निशा देवी, भी घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने नवीन,पूजा,रेखा, श्याम सिंह, सावित्री देवी व राजमिस्त्री के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।







# लायक बेटे की तरह की फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की सेवा : कृष्णपाल गुर्जर

## भाजपा प्रत्याशी का तिगांव क्षेत्र के गांवों में हुआ भव्य स्वागत, लोगों ने दिया भरपूर समर्थन

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र उनका परिवार है और पिछले दस सालों तक उन्होंने एक लायक बेटे की तरह इस क्षेत्र की सेवा की है, लोगों के दुख-सुख हो या फिर क्षेत्र के विकास की बात हो, उनके घर के दरवाजे चौबीसों घण्टे जनता के लिए खुले रहे है। श्री गुर्जर ने कहा कि वह वायदे नहीं बल्कि काम में विश्वास करते है और दस सालों में जो-जो वायदे उन्होंने जनता से किए, उन्हें जमीनी स्तर पर पूरा भी किया, आज फरीदाबाद जिला विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है, इसका श्रेय भाजपा सरकार की विकासपरक सोच को जाता है। श्री गुर्जर ने लोगों से आह्वान किया कि भ्रष्टाचारियों से इस देश को बचाना है इसलिए आने वाली 25 मई को कमल का बटन दबाकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। श्री गुर्जर आज अपने चुनावी अभियान के तहत तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांव चांदपुर, मिर्जापुर, घरोड़ा, मंझावली, चीरसी, कांवरा कलां, महावतपुर, फरीदपुर में ग्रामीणों द्वारा आयोजित सभाओं को संबोधित कर रहे थे। सभाओं में जगह-जगह कृष्णपाल गुर्जर का मौजिज सरदारियों ने सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर एवं बड़ी माला पहनाकर पूरे उत्साह के साथ अभिनंदन किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर तीसरी बार संसद भेजने का आश्वासन दिया। सभाओं को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने सर्वप्रथम तिगांव की धरा को नमन करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लोगों के आर्शीवाद और प्यार की बदौलत ही आज वह इस मुकाम पर है। उन्होंने कहा कि 2009 में जब वह तिगांव से चुनाव लड़े थे तो यहां की जनता ने उन्हें मतरुपी आर्शीवाद देकर जिताकर विधानसभा में भेजा



था, अगर उस दौरान वह विधायक नहीं बनते तो शायद देश की सबसे बड़ी पंचायत में नहीं पहुंचते। श्री गुर्जर ने कहा कि हमने दस सालों में व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है, तिगांव क्षेत्र की बात की जाए तो यहां नए सिरे से सडक़ों का निर्माण किया गया वहीं कालोनियों में सीवरेज लाईन व पानी इत्यादि की व्यवस्था करवाकर लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई। 12 फुट की सडक़ों को चौड़ा करके उन्हें सुंदर बनाया गया। उन्होंने कहा कि घरौंडा से छांयसा तक की सडक़मंजूर हो चुकी है, जो कि 11 करोड़ की लागत से बनेगी और आचार संहिता हटते ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। इसी प्रकार कौराली से चांदपुर की तरह कौराली से फज्जूपुर की सडक़ भी मंजूर हो गई है, उस पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एक भी सडक़को सुंदर बनाने से नहीं छोड़ेंगे क्योंकि जब गांवों से शहर की कनेक्विटी बेहतर होगी तो जिले के विकास को नई गति मिलेगी। मंझावली पुल पर बोलते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि हम किसानों की सहमति से जमीन लेते है, पहले रेट तय करते है, फिर जमीन लेते है और 300 लोगों से जमीन ली गई और जमीन लेने में हुई देरी के चलते पुल निर्माण में विलंब हुआ, लेकिन अब पुल पर रोड़ी डलनी शुरू हो गई है और एक महीने के अंदर यह पुल जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस पुल के बनने से ग्रेटर नोएडा परी चौक तक सिर्फ 20 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अगर देश को भ्रष्टाचारियों से बचाना है तो आने वाली 25 मई को कमल का बटन दबाकर भाजपा को जिताने का काम करें क्योंकि भाजपा की जीत ही नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करेगी। इस मौके पर भाजपा विधायक राजेश नागर ने भी अपने संबोधन में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो के बारे में लोगों को विस्तृत रुप से बताया। उन्होंने कहा कि कृष्णपाल गुर्जर ने अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान न केवल सभी विधानसभाओं में समान विकास करवाए बल्कि छत्तीस बिरादरी को साथ लेकर भी चले। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को आश्वस्त किया कि जिस प्रकार से 2014 और 2019 में तिगांव की जनता ने उन्हें अन्य विधानसभाओं से ज्यादा वोट देकर जिताकर भेजा था, ठीक उसी प्रकार इस बार भी तिगांव से वह बड़ी जीत हासिल करके लगातार तीसरी बार देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुचेंगे।

इस मौके पर सूरजपाल भूरा सरपंच, रघुराज सरपंच, हरेंद्रपाल राणा, राजेश सरपंच कौराली, ताराचंद सरपंच, विक्रम सरपंच, कमल सरपंच, खेमी सरपंच, बृजभान भाटी सरपंच, जैजू ठाकुर, सुभाष भाटी सरपंच अरुआ, अशोक सरपंच कौराली, रोबिट मास्टर जी ब्लाक समिति चेयरमैन, एडवोकेट विक्रम सिंह अरुआ, जिला पार्षद राजकुमार भाटी, मोनू माहेश्वरी, मुकेश वाल्मीकि सरपंच, अमर सिंह सरपंच, मोहन बंसल, नीटू नंबरदार, रेखा भाटी जिला पार्षद, मुकेश सरपंच, इलयास खान ब्लाक मेम्बर, सतीश सरपंच, सुभाष सरपंच, रामअवतार, चंद्रपाल चेयरमैन, वेदप्रकाश सरपंच, सतबीर सरपंच, पूनम ब्लाक मेम्बर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# यथार्थ हॉस्पिटल्स ने फरीदाबाद में किया नए सुपर स्पेशल अस्पताल का उद्घाटन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** उत्तर भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी यथार्थ हॉस्पिटल्स एण्ड ट्रॉमा केयर सर्विसेज़ लिमिटेड ने आज फरीदाबाद में अपने नए सुपर स्पेशलटी हॉस्पिटल के उद्घाटन की घोषणा की। 200 बैड्स का यह अस्पताल वित्तीय वर्ष 2024 में यथार्थ का पहला ब्राउनफील्ड विस्तार है।



यथार्थ सुपर स्पेशलटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद 30 से अधिक क्लिनिकल स्पेशलटीज़ में निवारक एवं नैदानिक उपचार सेवाओं की व्यापक रेंज उपलब्ध कराएगा। इसमें न्यूरो साइंसेज़, कार्डियक साइसेंज़, आर्थोपेडिक्स, नेफ्रोलोजी, यूरोलोजी, मिनिमल एक्सेस सर्जरी, गैस्ट्रोएंट्रोलोजी, पल्मोनोलोमी, कॉस्मेटिक एण्ड रीकन्स्ट्रक्टिव सर्जरी और एंडोक्राइनोलोजी शामिल है। 70 क्रिटिकल केयर बैड्स आधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी से युक्त हैं, ऐसे में अस्पताल फरीदाबाद और आस-पास के मरीज़ों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएगा। कुछ महीने पहले प्रिस्टाइन इन्फ्राकोन प्रा. लिमिटेड के साथ समझौते के माध्यम से फरीदाबाद में एशियन फिडेलिस हॉस्पिटल और इसके हितधारकों का अधिग्रहण किया गया था, जिसके लिए रु 1160 बिलियन के मूल्य पर 100 फीसदी इक्विटी शेयर खरीदे गए। मात्र 3 साल पहले बना यह अस्पताल 1.25 एकड़ ज़मीन में फैला है और सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं। यहां 175 बैड्स की संचालन क्षमता है, जिसे अब 200 बैड्स तक विस्तारित किया जा रहा है। यह अधिग्रहण उत्तर भारत में विस्तार के यथार्थ हॉस्पिटल के दृष्टिकोण के अनुरूप है जो दिल्ली-एनसीआर में यथार्थ की स्थिति को और अधिक मजबूत बनाएगा।

इस अवसर पर श्री यथार्थ त्यागी, डायरेक्टर, यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने कहा, ''नए सुपर स्पेशलटी हॉस्पिटल के साथ फरीदाबाद के निवासियों के लिए अपनी उत्कृष्ट स्वास्थ्यसेवाओं का विस्तार करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। यह विस्तार देश भर में अधिक से अधिक समुदायों तक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आधुनिक बुनियादी सुविधाओं एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ, हमें विश्वास है कि यथार्थ सुपर स्पेशलटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद क्षेत्र में मरीज़ो के लिए स्वास्थ्यसेवाओं के अनुभव को पूरी तरह बदल देगा।'

# आम-गरीब व किसान विरोधी पार्टी है भाजपा : सुनील तेवतिया

## इनेलो प्रत्याशी ने किया दर्जनों चुनावी सभाओं को संबोधित

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** लोकसभा क्षेत्र के इनैलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने भाजपा सरकार पर आम-गरीब व किसान विरोधी पार्टी की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में किसान विरोधी नीतियों के चलते किसान अपने हकों के लिए सडकों पर आंदोलनरत है और उनकी कोई सुनने वाला नहीं। भाजपा राज में किसान कर्ज के तले दबता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इनैलो ही सही मायनों में स्व. ताऊ देवीलाल के सपनों की पार्टी है और लोग विधायक अभय चौटाला की बात पर विश्वास करते हैं। क्योंकि अभय चौटाला ने हमेशा प्रदेश के हर वर्ग की आवाज को बुलंद किया है। किसान आंदोलन में किसानों के लिए विधायक पद से इस्तीफा देने वाले भी अभय चौटाला ही हैं। इसलिए अब समय आ गया है ऐसी किसान विरोधी पार्टी भाजपा को वोट की चोट से जवाब देने का। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि ताऊ देवीलाल के सपनों की सरकार बनाने के लिए



इनैलो के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करें तभी आम गरीब व किसान का भला हो सकता है। सुनील तेवतिया आज पलवल जिले की होडल विधानसभा क्षेत्र के गांव औरंगाबाद, सराय, सेवली, लोहिना, सौंध, डाडका, गढ़ी, गौढौता व बंचारी में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनका हरी पगडी बांधकर जोरदार स्वागत किया गया। वहीं लोहिना गांव में सुनील मांडोत ने चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। इनैलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने कहा कि भाजपा के कुशासन से तंग आकर आज फिर से प्रदेश के लोग चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के शासन को याद कर रहे हैं। क्योंकि पूर्व उप-प्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की सरकारों में प्रदेश की जनता के हित में लिए गए फैसलों आज भी सराहनीय हैं। चाहे वह बुजुर्ग पैंशन हो या फिर गांव की चौपाल पर बैठक फैंसले लेना रहा हो वहीं किसानों के कर्ज माफ करने की बात हो।

इस अवसर पर इनैलो के प्रदेश महासचिव महेन्द्र चौहान, पलवल के जिलाध्यक्ष अजीत बॉबी, फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, सुनील मांडोत, विजय तेवतिया, रामपाल लिखी, घीसाराम, बुधराम, कमलजीत, रतन सोरौत, हल्का प्रधान, चंदन सिंह, ओमवीर चौहान, बच्चूसिंह, अजय चौधरी भी मुख्यरूप से मौजूद थे।

# ब्रह्मोत्सव पर हजारों भक्तों के संग यात्रा पर निकले भगवान



**दो किलोमीटर से ज्यादा लंबी शोभायात्रा में हमारों महिलाओं ने उठाए कलश**

**श्री सिद्धदाता आश्रम में ब्रह्मोत्सव के अंतिम दिन भक्तों की संख्या की गिनती मुश्किल**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** श्री सिद्धदाता आश्रम में पांच दिवसीय ब्रह्मोत्सव आज संपन्न हो गया। इस अवसर पर भक्तों को दर्शन देने स्वयं भगवान नारायण गर्भगृह से बाहर निकले। जिनके साथ हजारोंक्की संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश उठाए और भक्त नाचते गाते झूमते शोभायात्रा में शामिल हुए। श्री सिद्धदाता आश्रम में पांच दिन से चल रहे 17वें ब्रह्मोत्सव का आज समापन हो गया। इस अवसर पर श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम के सभी मंडपों में स्थापित देव विग्रहों की उत्सव मूर्तियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। अधिष्ठाता जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के सानिध्य में भक्तों ने खूब आनन्द लिया। स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने सभी को प्रसाद एवं आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि जहां भगवान के नाम की चर्चा होती है वहां भगवान की कृपा भी होती है और इस कृपा को पाने के लिए देवता गण भी मौजूद रहते हैं। लेकिन देवताओं को भी इस चर्चा को सुनने के लिए सशरीर बैठने का सौभाग्य प्राप्त नहीं है जबकि मानव को यह अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि आचार्यों की कृपा से हमें भगवान के नाम सिमरण का अवसर मिलता है जिसे हमें नहीं गंवाना चाहिए। उन्होंने सुंदर और व्यवस्थित आयोजन में भागीदारी करने पर सभी कार्यकर्ताओं एवं भक्तों को शुभाशीर्वाद प्रदान किया। इस आयोजन में आरा बिहार से आए जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी ज्योतिनारायणाचार्य महाराज, अलवर से आए स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज भी प्रमुखता से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि श्री सिद्धदाता आश्रम दिव्य स्थान है और यहां से कोई खाली हाथ नहीं जाता। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी लोगों का मन मोह लिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में हजारों भक्तों ने भागीदारी की।

# बेहतर परीक्षा परिणाम देकर विद्यार्थियों ने किया शिक्षक व अभिभावकों को गौरवान्वित : दीपक यादव

## विद्यासागर इंटरनेशनल की विधिशा को मिले 94.6 प्रतिशत अंक

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सीबीएससी के बाहरवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल घरौडा की छात्रा विधिशा ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । वहीं विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के उत्कृष परीक्षा परिणाम को देखते हुए विद्यालय में खुशी का माहौल रहा है। जहां दिन-भर मिठाई खाने और खिलाने का सिलसिला चलता रहा है। विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा मलिक ने बताया कि आर्ट की पायल 92.4 प्रतिशत तो निधि 88.2 जबकि कनिष्का ने 89 प्रतिशत, हिमानी 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं कॉमर्स की नेहा 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तो पृथ्वी 87 प्रतिशत,लवीषा 86.2 प्रतिशत इसके कड़ी में सांइस के छात्र प्रभास ने 82.6 प्रतिशत,मुस्कान 80.2 ने अंक प्राप्त कर जिले में विद्यालय, अभिभावक व अध्यापकों का गौरव बढाया है। इस क्रम में इस खुशी के



माहौल में विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक दीपक यादव ने विद्यालय में मौजूद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय पूर्व से ही छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी प्रोत्साहित करता रहा है। जिसमें विद्यार्थियों के स्कॉलशीप हो या फिर खेल में नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर बेहतर स्थान आने पर लाभांवित किया जाता है। वहीं दीपक यादव ने कहा कि हमारे विद्यालय के शुभारंभ से लेकर आज तक छात्राओं के लिए दाखिला निशुल्क रखा हुआ है। इसके लिए स्कॉलरशीप देकर विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना उनकी संस्था का सराहनीय कदम है। यादव ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा कि इस बार भी विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने बेहतर प्रर्दशन कर अपने अध्यापकों को गौरावित किया। वहीं विद्यालय के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय का प्रशासानिक विभाग अध्यापकों के साथ-साथ अभिभावकों का आभार व्यक्त करता है। जिन्होंने बच्चों के साथ मेहनत से कार्य किया।

# विद्यार्थी अभिभावकों के साथ मतदान चिन्हित उंगली की सेल्फी शेयर करेंगे



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** शहीद रामबीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक सीहा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्लोगन तथा पेंटिंग प्रतियोगिताओं के साथ-साथ एक रैली का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन भारत स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल के डीओसी योगेश सौरोत द्वारा किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या दीपिका ने कहा वोटर लोकतंत्र का स्तंभ है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को अपने मतदान का प्रयोग करना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अभिभावकों के साथ मतदान की पहचान उंगली चिनहित चिन्ह की सेल्फी शेयर करने का आवाहन भी किया गया। इस अवसर पर रामगोपाल, राजकुमार, जोगिंदर पोसवाल, मानसिंह, रामेश्वर, श्री कृष्ण, युद्धवीर देवेंद्र, दिनेश कुमार, करतार सिंह, समय सिंह, जसराम आदि शिक्षाविद उपस्थित रहे।

# अपने ही बेटे की हत्या करने वाली मां गिरफ्तार

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** सोमवार 13 मई को समय दोपहर समय करीब 3.15 पुलिस थाना सैक्टर-17/18, गुरुग्राम की पुलिस टीम को एक सूचना कल्याणी हस्पताल, गुरुग्राम में एक बच्चे की मौत हो जाने के सम्बन्ध में प्राप्त हुई। उपरोक्त सूचना पाकर पुलिस थाना सैक्टर-17/18, गुरुग्राम की पुलिस टीम कल्याणी हस्पताल पहुँची जहां पर बच्चे के शव के पास ही मृतक बच्चे के पिता अरविन्द कुमार व माँ पूनम देवी निवासी गाँव मलिकपुर, जिला लखीमपुर खीरी उतरप्रदेश वर्तमान निवासी गाँव सरहौल, गुरुग्राम हाजिर मिले है। पुलिस टीम द्वारा बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी ले जाया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया इसी दौरान मृतक बच्चे के पिता अरविन्द कुमार ने पुलिस टीम को एक लिखित शिकायत के माध्यम से बतलाया कि यह सैक्टर-27, गुरुग्राम में पिछले करीब 01 साल से लेबर का काम कर रहा है। सोमवार को समय सुबह करीब 9 बजे में यह अपनी डयूटी पर चला गया था। समय दोपहर करीब 02.00 बजे इसके पडोसी ने इसको फोन करके सूचना दी कि इसके बेटे कार्तिक (उम्र 8 वर्ष) की तबयीत ज्यादा खराब है। सूचना पाकर जब यह अपने किराए के मकान पर पहुँचा तो इसके मकान पर काफी व्यक्तियों की भीड लगी हुई थी और इसकी पत्नी के रोने की आवाज आ रही थी। इसने अपनी पत्नी के पास जा कर देखा तो इसकी पत्नी की गोद में इसका बेटा था, इसने अपने बेटे को देखा तो वह बेहोश था और उसकी गर्दन पर निशान थे। यह उसी समय अपने बेटे को अपनी पत्नी के साथ कल्याणी होसपिटल लेकर गया जहां पर डाक्टर ने इसके बेटे को चैक करके मृत घोषित कर दिया।

उपरोक्त शिकायत पर पुलिस थाना सैक्टर-17/18, गुरुग्राम में धारा 302 के तहत नियमानुसार अभियोग अंकित किया गया व पुलिस की सीन-ऑफ-क्राईम, फिंगरप्रिंट व एफएसएल की पुलिस टीमों से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया।

अपराध शाखा सैक्टर-17, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने उपरोक्त अभियोग में कार्यवाही करते हुए बच्चे की हत्या करने वाली मृतक बच्चे की मां पूनम (उम्र 28 वर्ष) निवासी गाँव मलिकपुर, जिला लखीमपुर खीरी उतरप्रदेश वर्तमान निवासी गाँव सिरहोल, गुरुग्राम को मंगलवार को सिरहोल, गुरुग्राम से काबू करके अभियोग में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। आरोपित महिला ने पुलिस पूछताछ में हत्या करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है।पुलिस टीम द्वारा आरोपित महिला से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

# पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण में दिए गए चुनाव के सफल संचालन के लिए टिप्स

## जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिला की छह विधानसभा क्षेत्रों में एआरओ की अध्यक्षता में दिया गया प्रशिक्षण

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशन में फरीदाबाद में मंगलवार को निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार सभी छः विधानसभा क्षेत्रों में सेक्टर ऑफिसर्स, माइक्रो आब्जर्वर, पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों के पोलिंग ऑफिसर्स, प्रजाइडिंग आफिसर्स, अलरर्नेट प्रजाइडिंग आफिसर्स को बेहतर चुनाव क्रियान्वयन के लिए द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। 85-पृथला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एचएससी सम्पदा अधिकारी सिद्धार्थ दहिया की अध्यक्षता में सेक्टर-14 में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के महात्मा हंसराज ऑडिटोरियम में , 86-फरीदाबाद एमआईटी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एडीसी आनंद शर्मा अध्यक्षता में एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर नियर ओजोन मॉल सेक्टर-12 में, 87-बड़खल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एचएससी उपमंडल अधिकारी बड़खल अमित मान की अध्यक्षता में एनआईटी-03 स्थित के एल मेहता दयानन्द कॉलेज फॉर वुमन में, 88-बल्लभगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एचएससी उपमंडल अधिकारी बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में सेक्टर-2 स्थित श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय कॉलेज फॉर गर्ल्स में, 89-फरीदाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एचएससी उपमंडल अधिकारी फरीदाबाद शिखा अंतिल की अध्यक्षता में सेक्टर-17 स्थित मोडर्न स्कूल के भगवान महावीर ऑडिटोरियम में और 90-तिगांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एचएससी मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् सतबीर सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर-88 स्थित अमृता अस्पताल के ऑडिटोरियम में रिहर्सल का आयोजन हुआ।



इस दौरान एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करवाया जाएगा। निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार ही मतदान कराया जाएगा। लोकसभा चुनाव-2024 प्रक्रिया से जुड़े सहायक रिटर्निंग अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर ऑफिसर्स, पोलिंग ऑफिसर्स, प्रेजाइडिंग ऑफिसर और सहायक प्रेजाइडिंग ऑफिसर को ट्रेनिंग में सफल चुनाव संचालन के लिए टिप्स दिए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया में लगाए गए अधिकारियों के स्वयं के वोट डालने के लिए फार्म 12 और 12 ए भी भरवाए गए हैं। ताकि वे चुनाव में ड्यूटी के साथ साथ मतदान करने के भागीदार बन सकें। एडीसी ने कहा कि फरीदाबाद में लोकसभा चुनाव-2024 के लिए मतदान के दिन आगामी 25 मई को मतदान केन्द्रों पर अन्दर जाने और बाहर आने के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं। मतदान केंद्र के भीतर प्रजाइडिंग आफिसर्स, सहायक प्रजाइडिंग आफिसर्स के बैठने की व्यवस्था और ईवीएम, वीवीपैट, सीयू, पीयू, बैलेट कंट्रोल यूनिट सहित तमाम व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बनाना सुनिश्चित करें। वहीं टेस्ट वोट, मोक पोल, परोक्षी वोट डलवाने सहित अन्य सभी व्यवस्था आयोग की हिदायतों के अनुसार पूरी करें। उन्होंने कहा कि EVM /इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को सुनिश्चित करें कि EVM चालू है और सही तरह से काम कर रही है। स्क्रीन साफ और मतदाताओं के लिए पूरी तरह से ठीक है, यह सुनिश्चित करें। वहीं उम्मीदवारों का चयन करने के लिए बटनों की प्रक्रिया की पूरी निष्ठा के साथ साथ जाँच करें। साथ ही चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि EVM को सुरक्षित रूप से रखा गया है और मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। मतदान शुरू होने से पहले, मतदान केन्द्रों पर उम्मीदवारों के मतदान एजेंटों और मतदाताओं को EVM के सही काम की डेमो के रूप में उन्हें आत्मसात करने के लिए एक नकली वोट कराएं। VVPAT/वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल, सुनिश्चित करें कि VVPAT प्रिंटर EVM से ठीक तरह से कनेक्ट करना पूर्णतया सुनिश्चित करें। पेपर रोल को सही ढंग से लोड करें और यह भी तय करें कोई जाम नहीं है। साथ सुनिश्चित करें कि VVPAT डिस्प्ले स्पष्ट और मतदाताओं के लिए उचित दृश्यमान है। वहीं VVPAT प्रिंटर की जांच करें और सुनिश्चित करें कि यह सही तरह से काम कर रहा है। मतदाताओं को EVM पर अपने वोट को सत्यापित करने के बाद VVPAT पेपर ऑडिट ट्रेल पर जांच करने के लिए निर्देश प्रदान करें। चुनाव पर्व प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी सुनिश्चित करें कि ष्ट की मेमोरी साफ है और वोटों को सही तरह से रिकॉर्ड करने के लिए तैयार है। यह सुनिश्चित करने के लिए अंतिम जांच करें कि ष्ट अपने दोनों EVM और VVPAT के साथ सही ढंग से संचार कर रहा है। BU/बैलेट यूनिट को सुनिश्चित करें कि BU EVM और CU से सही ढंग से कनेक्ट है। इसके अलावा यह सुनिश्चित करें कि BU पर उम्मीदवारों के लिए बटन सही ढंग से लेबल किए गए हैं और चुनाव में उम्मीदवारों के लिए सही हैं।

प्रशिक्षण के दौरान एडीसी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों में उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल कराकर ईवीएम को क्लीयर करके क्लोज जरूर करें। मतदान दौरान हर दो-दो घण्टे में मतदान प्रतिशत की जानकारी सेक्टर ऑफिसर्स के जरिये सहायक रिटर्निंग अधिकारी को देना सुनिश्चित करें। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मतदान केंद्र पर प्रजाइडिंग ऑफिसर द्वारा भरे जाने वाले फार्मों के साथ साथ समय पर भरना सुनिश्चित करें। मतदान केंद्र पर सामान्य निगरानी में बिजली, पेयजल, रैम्प सहित निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अन्य मूलभूत सुविधाओं की चेकिंग करना, मतदान प्रक्रिया का प्रबंधन करना, चुनाव अधिकारियों की गणना और भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार प्रबंध करने बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं Assistant Presiding Officer /सहायक प्रैजाइडिंग अधिकारी द्वारा प्रैजाइडिंग अधिकारी के साथ सहायता करना, मतदान प्रक्रिया में सहायता प्रदान करना, मतदान केंद्र की सुरक्षा और क्रियान्वयन में सहायता करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। मतदान के दिन कवरेज करने आए मीडियाकर्मियों को पोलिंग बूथों के आसपास कवरेज करने की अनुमति रहेगी लेकिन उनको पोलिंग बूथ के अंदर जाकर कवरेज करने की अनुमति नहीं होगी। वोट डालने आए मतदाता भी मोबाइल लेकर मतदान केन्द्रों के भीतर नहीं जायेंगे। सभी दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करेंगे।

# जजपा के लोकसभा फरीदाबाद की उम्मीदवार नलिन हुड्डा का होडल एवं निकट गांव बनचारी, डकोरा गांवों का दौरा किया

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**


**होडल।** होडल में निजी कार्यालय पर जननायक जनता पार्टी के लोकसभा फरीदाबाद की उम्मीदवार नलिन हुड्डा का होडल एवं निकट गांव बनचारी ,डकोरा ,आदि गांवों का दौरा किया साथ में जिला प्रवक्ता प्रवीण डूडी एवं पार्टी के दर्जनौ पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथ रहे इस दौरान उन्होंने एक प्रेस वार्ता कभी आयोजन किया जिसमें जिसमें जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र हुड्डा कांग्रेस और बीजेपी पर जमकर बरसे उन्होंने बताया कि पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने और उससे पहले कांग्रेस सरकार ने फरीदाबाद लोकसभा की किसी भी समस्या को सदन में नहीं उठाया और ना ही कोई विकास कार्य किया जिसे देखकर में आम जन से अपील करता हूं कि फरीदाबाद लोकसभा के विकास के लिए युवा शक्ति को आगे बढ़ाएं जिससे कि मैं फरीदाबाद लोकसभा की सभी समस्याओं को सदन में रख सकूं और नलिन हुड्डा ने बताया कि आप सभी देख रहे हैं कि इस बार भाजपा प्रत्याशी का हर जगह विरोध किया जा रहा है वही कांग्रेस भी अपना जन आधार को बैठी है हुड्डा ने बताया कि अब की बार जेजेपी को अपर जन समर्थन मिल रहा है।



# जिला निर्वाचन अधिकारी ने करवाई बीयू-सीयू-वीवीपैट की सप्लीमेंट्री रेंडेमाईजेशन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** बीयू-सीयू तथा वीवीपैट की सप्लीमेंट्री रेंडेमाईजेशन करवाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि 16 व 18 मई को 85 प्लस आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं की होम वोटिंग करवायेंगे। उन्होंने बताया कि जिन 85 प्लस व दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया था, उनकी घर जाकर वोट डलवाई जाएगी। लघु सचिवालय में मंगलवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बीयू-सीयू तथा वीवीपैट की सप्लीमेंट्री रेंडेमाईजेशन करवाई गई। उन्होंने विस्तार से यूनिट रेंडेमाईजेशन की जानकारी दी। ईवीएम प्रथम सप्लीमेंट्री रेंडेमाईजेशन के अंतर्गत 2103 बीयू तथा 218 सीयू और 227 वीवीपैट की रेंडेमाईजेशन की गई। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि मतदाताओं के साथ चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को भी मतदान का अवसर मिलेगा, जिसके लिए कर्मियों इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट इडीसी प्रदान किये गये हैं। ऐसे में यदि कहीं पर शत-प्रतिशत मतदान होता है तो इडीसी मतदान को मिलाकर उसमें बढ़ोतरी होगी, जिसे गंभीरता से समझने की जरूरत है।



जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा मतदाताओं से अपील भी की कि वे किसी किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। हर खबर की प्रामाणिकता अवश्य जांचें। साथ ही उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के लिए दो दिन निर्धारित किये गये हैं।

पहला दिन 16 मई है। इस दिन आवेदन करने वाले 85 प्लस तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान का अवसर दिया जाएगा। जो मतदाता पहले दिन मतदान नहीं कर पायेंगे उनको 18 मई को दोबारा मतदान का मौका दिया जाएगा। होम वोटिंग के लिए पोलिंग पार्टी को माइक्रो ऑब्जर्वर तथा पुलिस के साथ दिव्यांग व 85 प्लस मतदाताओं के घर भेजा जाएगा। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रह सकते हैं। इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने अन्य आवश्यक जानकारी भी दी। बैठक में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त स्वपनिल रविंद्र पाटिल, नगराधीश अंकित, चुनाव तहसीलदार जयकिशन सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि इनेलो के आरएस राठी, जजपा के प्रेम सिंह धनखड़, भाजपा के अश्विनी गुलाटी, निर्दलीय प्रत्याशी राजेश कुमार, बसपा के प्रतिनिधि एनपी सिंह और निर्दलीय उम्मीदवार भारत भूषण आदि मौजूद थे।

# सामान्य पर्यवेक्षक अक्षय कुमार सिंह ने हथीन के गांव मढनाका और मंडकोला में बनाए पोलिंग बूथ का किया निरीक्षण



**हथीन के लघु सचिवालय में सहायक निर्वाचन अधिकारी और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए 10-फरीदाबाद लोकसभा के लिए सामान्य ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने मंगलवार को हथीन विधानसभा के गांव मढनाका और मंडकोला के राजकीय स्कूलों में बनाए गए पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद गांव के मौजिज लोगों से शांतिप्रिय मतदान करवाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पोलिंग बूथों पर वोटिंग के दिन 25 मई को बिजली-पानी की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिन बूथों के बाहर बरामदा नहीं हैं, वहां टेंट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने हथीन के लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी संदीप अग्रवाल समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने हथीन विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए पोलिंग बूथों के बारे में जानकारी ली और की गई तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक सुरेश भडाना, तहसीलदार रवि कुमार, नायब तहसीलदार नेहा यादव और नायब तहसीलदार श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

# हसनपुर में साइबर ठग ने पिता का दोस्त बता, स्कैनर भेज कर युवक के खाते से उड़ाए 25 हजार रुपए

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** हसनपुर खंड के अंतर्गत गांव भिडूकी का एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया है। साइबर ठगों ने युवक को पिता का दोस्त बताकर ठगी का शिकार बना डाला। शातिर ठग ने युवक योगेश फोन पर बताया कि वह उसके पिता का दोस्त है बातों ही बातों में ठग ने योगेश को अपने झांसी में ले लिया और उसके फोन पर स्कैनर भेज कर उसके खाते से 25, हजार रुपए उड़ा लिए। योगेश ने उक्त मामले की शिकायत साइबर थाने में कर दी है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। योगेश ने बताया कि उसके फोन पर एक फोन आया उसने मुझे पिता का दोस्त बताया। शातिर ठग ने कहा कि वह उसे 25 हजार रुपए भेज रहा है जब जरुरत होगी में ले लूंगा। वह इतना कहते ही योगेश के फोन पर अपना स्कैनर भेज दिया और योगेश से कहा की इसे स्कैन कर लो तुम्हारे खाते में पैसे आ जाएंगे।




योगेश द्वारा स्कैनर को सेकंड करते ही उसके खाते से 25 हजार रुपए निकल गए। पीड़ित युवक ने जब उक्त नंबर से दोबारा संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया कुछ देर बाद वह नंबर स्विच ऑफ हो चुका था। योगेश को जब अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ तो उसने साइबर थाने से संपर्क किया और सारी घटना की जानकारी दी। पुलिस नहीं योगेश की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की तहकीकात में जुट गई है।




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# शांतिपूर्ण, निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने के लिए जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करें प्रशासन : डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी

### मतदान के दिन केंद्रों की 100 मीटर परिधि में मोबाइल रहेंगे बैन

### रोहतक संसदीय क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ एन प्रभाकर रेड्डी ने अधिकारियों की बैठक में की चुनाव को लेकर तैयारियों की समीक्षा



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** रोहतक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ एन प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करे। सभी नाकों पर यह सुनिश्चित किया जाए कि एक टीम निगरानी के लिए मौजूद रहे तथा आने-जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली जाए। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में स्वीप गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार रेवाड़ी में जिला रिटर्निंग अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा व एसपी शशांक कुमार सावन के साथ जिला की तीनों विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारियों के साथ 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने जिलाभर में चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की विस्तार से जानकारी साझा की ओर चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों की अनुपालना प्रभावी ढंग से करने को आश्वस्त किया।

चुनाव पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी ने संबंधित अधिकारियों से रोहतक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेवाड़ी जिला के कोसली विधानसभा क्षेत्रों के बारे में भौगोलिक स्थिति के अलावा कुल मतदाताओं, मतदान केंद्रों, आवागमन सुविधाओं, विभिन्न टीमों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान धन व शराब की आवाजाही पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए तथा गत वर्ष की तुलना में शराब की बिक्री की भी निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। पुलिस अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल के साथ कार्य किया जाए। जिला की सीमा से गुजरने वाली प्रत्येक सडक से गुजरने वाले वाहनों की चौकिंग की जाए। डा.रेड्डड्ढी ने कहा कि भयमुक्त व पादरर्शिता के साथ चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान के दिन मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन लेकर जाने की अनुमति नहीं रहेगी। उन्होंने पुलिस प्रभारी को उक्त आदेशों की अनुपालना दृढ़ता से करवाना सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में चुनाव पर्यवेक्षक डा.रेड्डी ने फ्लाईंग स्क्वाड, स्टेटिक सर्विलेंस टीमों (एसएसटी) को निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार चुनाव प्रक्रिया तथा ईवीएम की कार्य प्रणाली की डेमो सहित ट्रेनिंग दी गई है इसके लिए जिला प्रशासन की कार्यशैली प्रभावी है। उन्होंने कहा कि जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित की जाए और सी-विजिल अथवा 1950 पर आने वाली शिकायतों अथवा समस्याओं का निराकरण निर्धारित अवधि में करना सुनिश्चित करें।

**लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने तैयार किया डिप्लॉयमेंट प्लान: एसपी**

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बैठक में पर्यवेक्षक को बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए रेवाड़ी जिला में डिसर्ट्रिक्ट डिप्लॉयमेंट प्लान तैयार की गई है। नियमित रूप से नाकों पर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों की निगरानी कर रही है। जिला में कानून व्यवस्था शांतिपूर्ण है। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों ने विस्तार से विधानसभा क्षेत्रों में किये गए प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी।

**माइक्रो आर्ब्जरवर की हुई पहली रेंडेमेनाइजेशन**

मंगलवार को रोहतक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ एन प्रभाकर रेड्डी द्वारा रेवाड़ी लघु सचिवालय सभागार में विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़ी गुडगांव लोकसभा क्षेत्र की सामान्य पर्यवेक्षक डा.दिलराज कौर की मौजूदगी में माइक्रो आर्ब्जरवर की पहली रेंडेमेनाइजेशन हुई। डीसी ने बताया कि रेवाड़ी जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों-रेवाड़ी, बावल व कोसली विधानसभा क्षेत्र में स्थित संबंधित मतदान केंद्रों के लिए माइक्रो आर्ब्जवर की पहली रेंडमाइजेशन की गई। इस अवसर पर एडीसी एवं स्वीप की नोडल अधिकारी अनुपमा अंजलि, एसडीएम एवं एआरओ रेवाड़ी विकास यादव, एसडीएम एवं एआरओ बावल मनोज कुमार, एसडीएम एवं एआरओ कोसली उदय सिंह, सीटीएम लोकेश कुमार सहित अन्य संबंधित नोडल अधिकारीगण मौजूद रहे।

# छात्राओ को डायल 112, साइबर व महिला-बच्चों विरुद्ध अपराधों सहित विभिन्न जानकारी देकर किया जागरूक




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एसपी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश पर महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता व उनकी टीम ने मंगलवार को गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव गुरावड़ा में पहुँचकर स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं, स्टॉफ व कर्मचारियों को डायल-112, महिला विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध, नशा के दुष्परिणाम संबंध में जागरुक किया है। दुर्गा शक्ति टीम ने छात्राओं को आम जीवन में होने वाले अपराधो से बचाव व अपराध होने पर उनके निवारण सहित नशे के दुष्प्रभाव इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में समर्थ होती है इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास महिला विरुद्ध अपराध को देखते है जिसमें महिला/लडकी से छेडछाड, लडकी-बच्चो का शोषण इत्यादि। बच्चे छोटे होते है जिनको ज्ञान नहीं होता कि छेड़-छाड़, लडकी-बच्चो को शोषण कानूनी अपराध है। पुलिस टीम ने बताया कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर किस प्रकार अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। किशोरावस्था में नौजवान युवक शौकिया तौर पर नशा करना शुरू करते हैं परंतु धीरे-धीरे उन्हें इसकी लत पड़ जाती है जिसके पश्चात इसे छोड़ पाना उनके लिए बहुत मुश्किल कार्य हो जाता है। नशा इंसान के स्वास्थ्य के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव डालता है जिसकी वजह से उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां जकड़ लेती हैं और इंसान को अंदर से खोखला कर देती हैं। अगर आपके आसपास कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को देकर समाज को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस को सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा उपस्थित छात्राओ-स्टाफ को पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल-112 सेवा के बारे में बताते हुए उन्हें पुलिस की दुर्गा शक्ति व डायल-112 ऐप्स को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करने व इन ऐप्स का प्रयोग करने के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों का पालन करना व विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधोंध्अपराधियों की पहचान व बचाव उनके निवारण इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर भी जागरूक किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से उपरोक्त जानकारी देकर 300 छात्राओ/स्टाफ को जागरूक करने पर स्कूल के प्रिंसिपल प्रहलाद सिंह ने पुलिस टीम का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को आयोजित करने की अपील की है।

# बनवासी सम्मेलन में वनवासियों को हीरो के रूप में पहचानने का आह्वान



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी के सैंडपेपर टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में वनवासी कल्याण आश्रम के उत्तरीय संगठन मंत्री डालचंद ने एक महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में उन्होंने सभी को वनवासियों के योगदान को मान्यता देने का आह्वान किया और उन्हें हीरो के रूप में पहचानने की बात कही। इस सम्मेलन में संजीव आहूजा और महेंद्र ने भी डालचंद के साथ शिरकत की। इसके साथ ही, वनवासी कल्याण आश्रम के ज़िला अध्यक्ष संजय डाटा ने सम्मेलन को संबोधित किया और सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर बहुत से लोग शामिल थे, जिनमें आशु विकास, अनिल गंजूँ, हवा सिंह, पवन गुप्ता, राजेश अग्रवाल, डी डी अग्रवाल, नरेश गोयल, जुगनू गोयल, अशोक यादव, आनंद गिरी, विनोद गुप्ता, के एम डाटा, निरंजन गुप्ता, आनंद गिरी, चानन सिंह, झमन सिंह, रवींद्र यादव, सुनील डाटा, आदित्य डाटा, मनीष पाँडे, हर्ष डाटा, अंकित गुप्ता, पन्ना लाल, सुनील कुमार, दया, दिनेश, ऋतुराज, यतिन, विशाल, और अन्य लोग शामिल थे। इस सम्मेलन ने वनवासी कल्याण आश्रम के अभियान को और बल दिया और लोगों को उनके समाज में गर्व और सम्मान के साथ जीने के लिए प्रेरित किया।

# गंभीरा पब्लिक स्कूल से 10वीं की छात्रा ने 93.6 प्रतिशत के साथ किया टॉप

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** 10वीं 12वीं कक्षा के परिणाम आने के बाद बच्चों में खुशी का माहौल है हालांकि इस बार भी रिजल्ट लाने में लड़कियां अव्वल रही हैं। बल्लभगढ़ स्थित गंभीरा पबलिक स्कूल की छात्रा ने दसवीं कक्षा में 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप कर स्कूल एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। आईएफ अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल कुलदीप ने बताया की हमें इस तरह की पोजीशन लाने वाले बच्चों पर गर्व है, जिन्होंने अपने माता-पिता के साथ-साथ स्कूल का नाम भी रोशन किया है। गंभीरा पबलिक स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा निशा शर्मा ने बताया की समय पर अपना होमवर्क और क्लास वर्क करती हैं, अध्यापकों की मेहनत का परिणाम ही मेरी सफलता का राज है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दसवीं कक्षा के नतीजों में 94.75 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुईं और लड़कों की तुलना में 2.04 प्रतिशत अधिक प्राप्त किए हैं।







